'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 54 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए वीरवार, 09 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## संसद में गूंजेगा अग्नि वीर और अहीर रेजीमेंट का मुद्दा : राज बब्बर

**गुरुग्राम और मेवात के बाद अहीरवाल क्षेत्र में पहुंचे राज बब्बर**

**2014 में मोदी ने किया था अहीर रेजिमेंट और वन रैंक वन पेंशन का वादा**

**अहीरवाल के युवाओं का अग्निवीर के कारण टूटा देश सेवा का सपना**

**राज बब्बर का दावा इलाके की जनता बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**पटौदी।** इंडिया एलाइंस गठबंधन के मुख्य राजनीतिक दल कांग्रेस के उम्मीदवार राज बब्बर गुरुग्राम और मेवात जिले के बाद पहली बार अहिरवाल क्षेत्र में पहुंचे। यहां आने पर उन्होंने दावा किया क्षेत्र की जनता अब बदलाव के लिए पूरी तरह से तैयार है । बुधवार को राज बब्बर ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के राजनीतिक गढ़ पटौदी विधानसभा के विभिन्न गांव में दौरा करते हुए कांग्रेस के पक्ष में 25 तारीख को मतदान करने का आह्वान किया। राज बब्बर 4 फरवरी 2022 से खेड़की दौरा टोल प्लाजा के पास अहीर रेजिमेंट को लेकर दिए जा रहे धरना स्थल पर भी पहुंचे और धरना पर बैठे लोगों से अहीर रेजिमेंट के मुद्दे को लेकर चर्चा भी की। इससे पहले पिछली रात को राज बब्बर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के गृह जिला रेवाड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव के आवास पर पहुंचे। यहां पर कैप्टन यादव के पुत्र विधायक चिरंजी राव और उपसथित समर्थकों के द्वारा राज बब्बर का फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया।

राज बब्बर ने इस मौके पर कहा जिस प्रकार से लोगों का समर्थन मिल रहा है , उसको देखते हुए राजनीतिक बदलाव से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा अग्नि वीर और अहीर रेजिमेंट का मुद्दा सांसद बनने पर पहले ही दिन संसद में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा अहीरवाल क्षेत्र के युवा वर्षों तक पसीना बहा कर फौज में भर्ती होने के लिए अपने आप को तैयार करते हैं। अग्नि वीर के कारण अनेक युवाओं का फौज में भर्ती होकर देश सेवा और सुरक्षा करने का सपना टूट गया। इसी प्रकार से अहीर रेजिमेंट को लेकर भी इस इलाके के लोगों के द्वारा पिछले लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने पीएम मोदी का नाम लिए बिना कहा वर्ष 2014 में 56 इंच सीने के दावेदार होने वालों के द्वारा ही अहीरवाल की जमीन पर आश्वासन दिया गया वन रैंक वन पेंशन और अहीर रेजिमेंट लेकर आऊंगा। लेकिन 10 वर्ष के बाद भी आज यह वादा और दावा जुमला ही साबित हुआ है। इसी प्रकार से कहा गया था 15 लख रुपए खाते में आएंगे और काला धन भी वापस लाया जाएगा ।

राज बब्बर ने कहा हम तो मेहनत करने वाले लोग हैं। जुमला बोलने वालों को एहसास करा देते हैं कि तुम्हारी जुबान झूठी थी । उन्होंने बिना नाम लिए कहा इस इलाके के ही नेता सांसद भी हैं और केंद्र में मंत्री भी हैं । एनसीआर का यह इलाका सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र भी है। लेकिन समस्याओं का आज भी अंबार लगा हुआ है । जिस युवा वर्ग का वोट का समर्थन लेकर आप सांसद और केंद्र में मंत्री बने, उनके सपनों की पैरवी भी करना भी दायित्व बनता है । राज बब्बर ने कहा अग्नि वीर योजना को निरस्त किया जाना और सेना में अहीर रेजिमेंट केवल मात्र दक्षिणी हरियाणा अहीरवाल क्षेत्र का ही नहीं यह मांग पूरी किया जाना देश के लिए गौरव की बात होगी।

## 10 मई को होगा नड्डा का भव्य रोड शो, सीएम नायब सैनी भी रहेंगे मौजूद : ज्ञानचंद गुप्ता



**समाचार गेट ब्यूरो**

**पंचकूला।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 10 मई को पंचकूला आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री नड्डा सुबह 10 बजे भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में एक भव्य रोड शो करेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सैनी भी उपसथित रहेंगे। श्री नड्डा के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस मौके पर प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, जिला महामंत्री वीरेंद्र राणा भी मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि श्री नड्डा का रोड शो पंचकूला के सेक्टर-7 डीसी मॉडल स्कूल से शुरू होगा और सेक्टर-7-8 की लाइट प्वाइंट तक रहेगा। इस रोड में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस रोड से चुनावी अभियान को और गति मिलेगी।

ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि रोड शो की तैयारियों के निमित्त आज मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों व जिला के प्रमुख पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक हुई। बैठक में रोड शो को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की। श्री गुप्ता ने बताया कि सभी पदाधिकारियों को रोड शो के निमित्त जिम्मेदारियां दे दी गई है। उन्होंने कहा कि श्री नड्डा का यह रोड शो विशाल होगा और कार्यकर्ताओं में एक नई उर्जा और नया जोश भरने का काम करेगा।

पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है। मोदी सरकार द्वारा 10 सालों में किए गए कार्यों से जनता खुश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं बनाकर उनका लाभ पहुंचाया है। हरियाणा की जनता लोकसभा चुनाव में 11 कमल खिलाएगी। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा की प्रत्याशी बंतो कटारिया अंबाला लोकसभा से प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगी।

## मैं चुप बैठने वाला नहीं, मेरे सवालों से घबराए हुए लोग मुझे कलाकार बता रहे हैं : फाज़िलपुरिया

**गायकी मेरा काम है, जनसेवा अंतरात्मा की आवाज़ : फाज़िलपुरिया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा सीट से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राहुल यादव फ़ाज़िलपुरिया अपने क्षेत्र में लगातार घूम घूम कर लोगों से जनसंवाद कायम कर रहे हैं वे लोगों से उनकी समस्याओं को लेकर बातचीत कर उनके निराकरण का भरोसा दिला रहे हैं इसी क्रम में राहुल ने बुधवार को सुनारी, कांगरका और चैहल्का समेत करीब डेढ़ दर्जन जगहों पर जनसभाएं कीं इस जनसंवाद के दौरान उनको लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है जो रोज रोज बढ़ती भीड़ से साबित भी हो रह है।

अपने जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए राहुल फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि गुरुग्राम की जनता आज के सांसद से पिछले बीस साल का हिसाब मांग रही है हर साल सांसद के फंड में पाँच करोड़ रूपये आते हैं मौजूदा सांसद बताएं कि पिछले बीस साल में आए सौ करोड़ रुपयों का उन्होंने क्या किया? ये गुड़गाँव की आम जनता के हक़ के पैसे हैं और उन्हीं के ऊपर खर्च किये जाने चाहिए थे, पर किये नहीं गये जनता अब जवाब चाहती है फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि सरकार चलाना हो या विपक्ष में बैठना, ये दोनों ही बहुत ज़िम्मेदारी का काम होता है लेकिन सरकारें और विपक्ष दोनों अपनी इस ज़िम्मेदारी के प्रति कभी ज़िम्मेदार नहीं रहे अगर ज़िम्मेदार रहते तो जनता का हाल ऐसा नहीं होता राहुल ने कहा कि कुछ ही दिनों में मानसून आ रहा है एक तरफ जगह जगह सड़कों पर पानी भरा रहेगा, दूसरी तरफ लोगों के घर के नलों में पानी नहीं मिलेगा अगर और कुछ वक़्त तक हालात ऐसे ही बने रहे तो, वो दिन दूर नहीं जब जलसंकट के मामले में अपने गुडगाँव का हाल भी बंगलौर जैसा होगा केंद्र की योजनाओं को खोखला बताते हुए फ़ाज़िलपुरिया ने जनता के सामने ज्वलंत प्रश्न उठाया कि सरकारें अगर अपनी जनता को अनवरत साफ़ पानी नहीं मुहैया करा सकतीं तो क्या हक है उन्हें अमृत महोत्सव और अमृत काल मनाने का?

राहुल फ़ाज़िलपुरिया ने कहा कि ये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यहाँ पर एक नहीं दो दो गुडगाँव बसते हैं एक तरफ तो मिलेनियम सिटी, ऊँची ऊँची आलिशान इमारतें हैं, दूसरी तरफ कूड़े का पहाड़ ये दोनों तस्वीरें एक ही गुडगाँव की हैं मैं गुडगाँव की मिट्टी का हूँ मैं अपने गुडगाँव का दम घुटते हुए नहीं देख सकता फ़ाज़िलपुरिया ने अपने विरोधियों पर तंज करते हुए कहा कि मेरे सवालों से घबराए हुए लोग मुझे कलाकार बता रहे हैं, मैं चुप बैठने वाला नहीं। कुछ लोग कहते हैं कि मैं नेता नहीं बन सकता क्योंकि मैं एक गायक हूँ मैं उन लोगों को ये बताना चाहता हूँ कि गायकी मेरा पेशा है ठीक उसी तरह जैसे भारत के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब एक वैज्ञानिक थे कलाम साहब मिसाइलमैन भी थे और हमारे माननीय राष्ट्रपति भी ठीक इसी तरह राजनीति में आकर लोगों की सेवा करना मेरे अंतरात्मा की आवाज़ है राजनीति में आकर मैंने अपने अंतरात्मा की आवाज़ सुनी है और अब गुडगाँव की जनता की सेवा करना ही मेरा पहला कर्त्तव्य है।

## मेवात ने साथ दिया तो ब्याज सहित वापस दूंगा : राव इंद्रजीत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**पुन्हाना/नूंह।** मेवात के लोग जाति , धर्म को छोड़कर मेरा एक बार साथ दें मैं मेवात को ब्याज सहित वापस दूंगा। मेवात की जनता से यह आह्वान गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने किया। वे बुधवार को पुन्हाना विधानसभा के गांव पिनगवां शहर, ग्रामीण, हिंगनपुर रायपुर, पैमाखेड़ा, बीसरू, इंडाना, बिंछोर, नई रोहिंग्या कलां, पुनहाना कार्यालय

मैं चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुड़गांव लोकसभा बनने के बाद मैं चौथी बार गुड़गांव लोकसभा का चुनाव लड़ रहा हूं और चारों ही जीते हैं, लेकिन मेवात के मतदाताओं का साथ का इंतजार आज भी है। राव ने कहा कि गुड़गांव लोकसभा से सांसद बनने के बाद उन्होंने कभी भी मेवात और दूसरे जिलों में फर्क नहीं किया यहां के लोग जब भी उनसे मदद मांगने पहुंचे उन्होंने बिना भेदभाव विकास के लिए मदद देने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने मेवात के युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए विवाद की धरती से 1 लाख करोड़ का दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस निकाला है। इस एक्सप्रेसवे के साथ औद्योगिक विकास बढ़ेगा और यहां के लोगों के रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। नूंह से फिरोजपुर का फोर लेन का कार्य जल्द शुरू होगा केंद्र सरकार की ओर से डीपीआर मंजूर करने का कार्य अंतिम चरण में है।

राव ने कहा कि मैं मेवात के लिये कोई नया नहीं हूँ। मेवात का मेरे परिवार के साथ पीढ़ियों का साझा इतिहास रहा है। हमने साथ मिलकर आज़ादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जमुना का ओवरफ्लो पानी लाने का कार्य भविष्य में करेंगे ताकि मेवात के किसानों के साथ यहां पीने के पानी की समस्या को भी दूर किया जा सके। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल , जिला परिषद अध्यक्ष जान मोहम्मद , जाहिद हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# पुन्हाना ब्लॉक के धर्मगुरुओं के साथ किया गया निपुण संवाद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आकांक्षी जिला नूह के आकांक्षी ब्लॉक पुनहाना में शिक्षा विभाग और कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा निपुण संवाद धर्मगुरुओं के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करना तथा निपुण भारत मिशन के बारे में लोगों को जागरुक करना, पुनहाना ब्लॉक में बुनियादी शिक्षा के साथ बालिकाओं की शिक्षा में बढ़ावा देना और शतप्रतिशत बच्चो का दाखिला करवाना था जिससे हमारा जीरो ड्रॉप आउट मिशन सफल हो और 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का दाखिला बालवाटिका 3 मे करवाना सुनिश्चित हो। इसमें मुख्य अतिथि पुनहाना ब्लॉक के एसडीएम लक्ष्मी नारायण मौजूद रहे जिसमे उन्होंने कहा की पुन्हाना ब्लॉक के सभी बच्चों को तालीम देने के लिए बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करवाने में धर्मगुरु महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है और इस मिशन को सफल बनाने के लिए हम सभी को एक साथ सांझे प्रयास करने होंगे उन्होने कहा कि बच्चों को जितना धार्मिक शिक्षा देना जरूरी है उतना ही दुनियावी शिक्षा देनाभी जरूरी है क्योंकि दीनी तालिम से बच्चों के नैतिक आचरण में सुधार आता है और दुनियावी तालिम से बच्चों का सर्वागीण विकास होता हैं।



एसडीएम ने धर्मगुरुओं से कहा की हमारा कार्य समस्या कि पहचान कर उसका समाधान करना होना चाहिए उन्होने इस मीटिंग के लिए शिक्षा विभाग , कैवल्य फ़ाउंडेशन और धर्मगुरुओं की प्रशंसा की। वही पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकार सुखबीर सिंह जी ने कहा मुझे बहुत खुशी होती है जब समाज के बीच बैठकर शैक्षिक मुद्दो पर संवाद करते हैं डीईईओ ने कहा कि तालीम के बिना सही तरह से जीवन मे प्रगति नही की जा सकती , इसलिए बच्चो के अच्छे भविष्य के लिए तालीम जरूरी है और ये कार्य तभी मुमकिन है जब हमलोग आपस में मिलकर कार्य करेंगे। उन्होने नूह मे शिक्षकों की कमी के मध्यानजर अब तक किए गए प्रयासो और उपलब्धियों की जानकारी दी और बताया की निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग ने नूंह दौरे के दौरान कहा था की नूंह में जल्दी ही 400 और शिक्षा दिए जाएंगे जिससे आने वाले समय में अध्यापकों के कमी को भी दूर किया जायेगा डीईईओ ने धर्मगुरु से कहा की बच्चों को समय से मदरसा से छोड़ दिया जाय जिससे की स्कूल की प्रार्थना सभा में सभी बच्चे उपस्थित हो सके और दीनी तालीम हासिल के साथ दुनिया कि की भी तालीम हासिल हो सके धर्मगुरु समय समय पर बच्चों के स्कूल मे उपस्थिति का जायजा लेते रहे क्योकि बच्चे ही हमारी वास्तविक कमाई है और ये पढ़ेंगे तभी हमारा देश आगे बढेगा और मेवात का विकास होगा ।

एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक ने निपुण के उद्देश्य और कार्य को समझाते हुए बच्चो के शिक्षा के महत्व को बताया और कहा जैसे बच्चे मदरसे में शांति के साथ पढ़ते हैं उसी तरह से अनुशासित होकर विद्यालय में दुनिया के तालीम हासिल करे |कुसुम ने आरटीई 2009 के संदर्भ मे कहा कि 6 से 14 वर्ष तक मौलिक शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार हैं और हमे उसमे एक दूसरे का साथ देना होगा प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में दाखिला करवाए और जिस तरह से बच्चे मदरसा में प्रतिदिन जाते हैं उसी तरह से स्कूलों में भी भेजे और ये सब तभी मुमकिन होगा जब हमलोग जुड़कर कार्य करेंगे।

उन्होने सभी उलेमाओं से अपील करते हुए कहा कि आप अपने आसपास से बच्चों का दाखिला विद्यालय में अवश्य करवाए ,जो भी बच्चे 5 वर्ष के हैं ,उनका बालवाटिका 3 मे दाखिला हो ,उन बच्चों के लिए सभी सरकारी सुविधाएं प्रदान कि जाएगी दाखिले मे कोई भी समस्या आए तो आप विभाग से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

मौलाना तहफीक अहमद कासिमी जी ने कहा तालीम ही ऐसे चीज है जिसमे मजहब, किसी जाति संप्रदाय मायने नही रखता इस बात को बताते हुए डा भीमराम अंबेडकर का उदाहरण पेश किया। उन्होने कहा कि हम मदरसा और स्कूल मे तालमेल करके सभी बच्चों कि स्कूली शिक्षा को सुनिश्चित कर रहे होंगे याहायत करीम ने अपनी बात रखते हुए कहा तालीम के मयार बुलंद करने के लिए जरूरी है हर आदमी कोई न कोई काम से जुड़ा रहे इसके साथ ही उन्होंने कहा माहौल का बदलना जरूरी है और अपने फितरत को बदलने के लिए शिक्षा का माहौल बनाना जरूरी है इसके साथ बच्चो के हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए उनके लिए कुछ किया जाना चाहिए जिसमे खेल में बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम हो जो बच्चे तालीम नहीं ले पाए उनके लिए विजलिश वर्कशॉप सेंटर हो बच्चे यदि पढ़ लिख कर अच्छे मुकाम पर जायेंगे तो हमारा मेवात का नाम होगा इसमें सारे उलेमाओं और धर्मगुरु ने पुनहाना ब्लॉक के सारे बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम कि शुरुआत मे कैवल्य एडुकेशन फ़ाउंडेशन से नरेंद्र शर्मा ने संस्था के उद्देश्य , नूह मे प्रोजेक्ट व टीम कि जानकारी दी उन्होने बताया , कि संस्था नूह के बदलाव मे धर्मगुरुओं कि भूमिका को महत्वपूर्ण मानती है इसलिए हम यहाँ आपके समन्वयन से कार्य करेंगे।

इस मौके पर सीआरसी कमर अली, मुंशरीफ कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के पीएम रियाज़ , पीएल अब्दुल, मनीष एवम गांधी फैलो के रूप मे सावन और अभिजीत करुणा के फैलो हसीना और खुशबू मौजूद रहे।। सीआरसी प्राचार्य विकास यादव आनंद कुमार ,गिरिराज प्रसाद, इसराइल, अब्दुल नफे स्कूल मुखिया सोहराब खान इदरीश सभी ने कहा की वो आगामी 5 दिनों में बाल वाटिका 3 में बच्चों की संख्या दोगिनी का देंगे और अपने अपने सीआरसी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करके बच्चों के माता पिता सेसंपक करके सभी 5 वर्ष के बच्चों का दाखिला स्कूल बाल वाटिका 3 में करवाना सुनिश्चित करेंगे।

# 3 दिन से गायब बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैली, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शहर के वार्ड 1 स्थित हामिद कॉलोनी में रहने वाले तौफिक का 10 वर्षीय लड़का कासिफ उर्फ कासिम लापता होने के बाद बाजार के एक मकान से शव मिला है। बच्चे के परिजनों ने लापता की शिकायत सिटी थाने में दर्ज कराई थी। लेकिन आज तीसरे दिन बच्चों का शव बाजार के एक मकान से मिला तो पूरे शहर में सनसनी सी फैल गई। सोमवार शाम 7:00 बजे से कासिफ घर से गायब हो गया था जिसकी सूचना परिजनों ने सटी थाने में दी थी। पुलिस मामले की हर पहलुओं पर ध्यान देते हुए बच्चे को तलाश करने में जुटी हुई थी। वहीं आखिरकार सोमवार को गुम हुआ बच्चा बुधवार दोपहर बाजार के एक दुकान से लाश के रूप में बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड 1 स्थित हामिद कॉलोनी में रहने वाला 10 वर्षीय लड़का कासिफ उर्फ कासिम सोमवार शाम करीब 7 बजे स्कूल ड्रेस में घर से बाहर खेलने के लिए गया था, लेकिन काफी समय



बीत जाने के बाद बच्चा वापिस नहीं आया। ऐसे में परिवार के सदस्यों देर रात तक काफी तलाश किया, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं लग पाया। लडके का कोई पता नहीं चला। इसके बाद मामला पुलिस को अवगत कराया, लेकिन अब 24 घंटे बाद बच्चे का शव मिला है। शव मिलने के बाद परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। इस पूरे



मामले को लेकर विधायक आफताब अहमद ने कहा कि इस तरह के गंभीर अपराध को लेकर पुलिस पूरे मामले की सही तरीके से जांच करें और जो भी अपराधी है उसे सजा दी जाए। वही परिजनों का कहना है कि जिसने भी जो इस घटना को अंजाम दीया हे उसे सजा मिलनी चाहिए। वही इस पूरे मामले को लेकर पुलिस कुछ भी बोलने से बचती हुई नजर आ रही है।

# स्कूली बच्चों से भरे ऑटो ने मारी पानी के टैंकर को टक्कर, 9 बच्चे घायल, तीन की हालत गंभीर

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले के गांव घासेड़ा के समीप बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे एक स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो ने सड़क किनारे खड़े एक पानी के टैंकर में टक्कर मार दी। जिसमें बैठे 9 स्कूली बच्चे घायल हो गए । घायल बच्चों में दो लड़कियों सहित तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा के 9 बच्चे एक ऑटो में स्कूल में पढ़ाई करने जा रहें थे। जब वह स्कूल के समीप पहुंचे तभी सड़क किनारे खड़े एक पानी के टैंकर में ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दी । बताया जा रहा है कि ऑटो की रफ्तार बहुत तेज थी। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पानी के टैंकर से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो



सामने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे को देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और बच्चों को घायल अवस्था में ऑटो से बाहर निकाला। जिसके बाद सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायल बच्चों में 10 वर्षीय सलमान, 15 वर्षीय नाजरीन ,12 वर्षीय साबरुन, 11 वर्षीय फरान, 10 वर्षीय रियाज, 9 वर्षीय अफसा और 10 वर्षीय उस्मान शामिल है। जिनका इलाज चल रहा है।



# राज बब्बर के नूंह आगमन पर जबरदस्त जनसमर्थन देखने को मिला



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह व बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन सिंह ने थामा कॉंग्रेस का हाथ नूंह विधानसभा में प्रदेश में चल रहे लोकसभा चुनावों के दौरान कॉंग्रेस लगातार मजबूत हो रही है कल जहां कॉंग्रेस के गुड़गांव प्रत्याशी अभिनेता राज बब्बर के नूंह आगमन पर ज़बर्दस्त जनसमर्थन देखने को मिला तो वहीँ आज जिला कॉंग्रेस मुख्यालय नूंह पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह, बसपा टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके अर्जुन सिंह ने कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद की मौजूदगी में कॉंग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान जिला मुख्यालय नूंह पर पूर्व विधायक शहीदा खान, पीसीसी सदस्य महताब अहमद, प्रवीण चेयरमैन इंडरी भी मौजूद रहे। दोनों के दर्जनों लोगों संग कॉंग्रेस का दामन थाम लेने से कॉंग्रेस की मजबूती बढ़ेगी। चरण सिंह, अर्जुन सिंह सहित सभी की समाज में अपनी अच्छी पहचान है। विधायक आफताब अहमद ने चरण सिंह इंडरी व अर्जुन सिंह का स्वागत करते हुए उनके फैसले की जमकर तारीफ की और कहा कि ये समय लोकतंत्र और संविधान बचाने का समय है जिसे बीजेपी की सरकार लगातार कमजोर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी नए साथियों के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जायगी और समय आने पर जिम्मेदारी दी जायगी। कॉंग्रेस का दामन थामने वालों में जजपा के दीपक, बंसी लाल के आलावा बसपा के दान सिंह, विजय, विष्णु, अजीत, विनोद सहित दर्जनों परिवार शामिल हुए। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि आज हर जागरूक व्यक्ति समय की नजाकत को देखकर समाज हित में फैसला ले रहा है।

बीजेपी जहां संविधान बदलने की बात कर रही है तो कॉंग्रेस सभी लोकतंत्र और संविधान की हिफाजत के लिए चुनाव लड़ रही है। सभी साथियों ने समाहित में फैसला लेकर कॉंग्रेस में आस्था व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज लोग दिल पर हाथ रखकर सोचें कि बीजेपी ने दस साल में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रस्टाचार के लिए कोई कदम उठाये हैं क्या ? चुनावी बॉन्ड की लूट और ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग का दुरुपयोग सब देख रहे हैं लेकिन अब बीजेपी को वोट से सबक सिखाने का समय आ गया है।

# नूंह जिले के मांडी खेड़ा गांव के समीप अलवर दिल्ली सड़क पर पेपर देने जा रहे दो छात्रों की सड़क दुघर्टना में मौत



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिले के मांड़ी खेड़ा अस्पताल से मात्र एक किलोमीटर दूरी पर एक तेज रफ्तार डंपर ने दो नौजवान युवकों को सामने से जोरदार टक्कर मारी दी, जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई और दूसरे युवक की अस्पताल मे ईलाज के दौरान मौत हो गई। जैसे ही इस सड़क दुर्घटना की पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया और टक्कर मार फरार हुए चालक की तलाश शुरू कर कार्रवाई में जुट गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि विष्णु और योगेन्द्र दोनो एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुबह करीब दस बजे नूंह के लिए जा रहे थे। दोनों हरियाणा रोडवेज बस कंडेक्टर लाईसेंस की परीक्षा देने के लिए जा रहे थे।

परिजनों ने बताया कि दिल्ली अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मांडीखेडा गांव के पास दोनों बाथरूम करने के लिए साइड में रूके हुए थे। तभी अचानक बड़कली की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे डम्फर ने सामने से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर एक युवक की मौत हो गई और दूसरे युवक की अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान विष्णु पुत्र विजय कुमार दोहा, हालांकि हाल में फिरोजपुर झिरका के वार्ड 5 में रहता था। और दूसरे की पहचान योगेन्द्र पुत्र नेतराम निवासी अगोन के रूप में हुई है। दोनों मृतकों की उम्र लगभग 19 से 21 साल की बताई जा रही है। इस मामले में जांच अधिकारी अब्दुल गफ्फार ने बताया कि मृतकों के परिजनों की और से शिकायत मिल गई है और शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि डम्फर चालक मौके से डम्फर लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर शवों को परिजनों को सौंपा दिया है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही डम्फर और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बच्चे की मौत मामले में भीड़ ने लगाया जाम

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शहर के वार्ड 1 स्थित हामिद कॉलोनी से 6 मई की शाम लापता हुए 10 वर्षीय बच्चे कासिफ उर्फ कासिम का शव बुधवार दोपहर 12 बजे बाजार में बने एक मकान से बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने 3 को हिरासत में लिया। पुलिस हिरासत में लिए युवक की निशानदेही पर नूंह यूनियन बैंक के सामने दुकान के ऊपर बंद पड़े चौबारे में पहुंची। जहां लापता हुए बच्चे का शव मिला।

**शव को लेकर लगाया जाम:**

वहीं शाम को परिजनों और भीड़ बच्चे के शव को नूंह बाईपास पर पहुंची और जाम लगा दिया। जाम लगाने की सूचना पर एएसपी, डीएसपी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसी तरह स्थित को काबू किया। वहीं इसके



बाद भीड़ घटना स्थल पर बाजार में पहुंची और दुकान पर बैठे दुकानदार के साथ मारपीट की बात सामने आई। दुकानदारो का आरोप है कि भीड़ दुकान और मकान में आग लगाने बोली, लेकिन आसपास के लोगों व दुकानदारों ने स्थिति को काबू किया। इसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और भीड़ को अलग किया।

# चोरी हुए 33 मोबाइल फोन, वापिस पाकर मालिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा ने गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को आज अपने कार्यालय में उनके असल मालिकों को लौटाए है। कुछ दिन पहले भी साइबर टीम द्वारा 19 मोबाइल फोन तलाश किए गए थे जिन्हें उनके मालिकों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया गया था।

पुलिस प्रवक्ता ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल सेक्टर 30 टीम ने मात्र पिछले 5 दिन में गुमशुदा 53 मोबाइल फोन को तलाश कर उनके असल मालिक तक पहुंचाने में मदद की है। डीसीपी अपराध द्वारा आज अपने कार्यालय में मोबाइल फोनो के असल मालिक खुशाली, दीपा पाठक, लक्ष्य सेठी, भागचंद जैन, अमित खटाना, अस्मित, राम नारायण, सोनू , अशोक, संदीप,



प्रदीप, धीरेन्दर, अनिल, कार्तिक, रिंकी देवी, दीपक, पवन, ब्रिजमोहन, राजकुमार, मोहित, प्रेम चंद, तुषार मंगला, शिवम सैनी, अशोक, मो० तोफिक, रवि, सत्यप्रकाश, मनोज कुमार, दयाचंद, मंजू , सुमित ठाकुर तथा ऋतू नाम का करीब एक लाख रूपये की कीमत का मोबाइल को वापस लौटकर उनके चेहरे पर दोबारा से खुशिया लौटाई है। सभी फोन के मालिक फरीदाबाद एरिया के रहने वाले हैं। जो उपरोक्त सभी लोगो अपने अपने खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर ख़ुशी से डीसीपी क्राइम व पुलिस टीम का धन्यवाद किया है।

एसीपी क्राइम अमन यादव के नेतृत्व में साइबर सेल टीम उपनिरीक्षक सरजीत, मुख्य सिपाही दिनेश कुमार, सिपाही विकाश, प्रवीन, तथा महेंदर द्वारा मोबाइल फोन तलाश किए गए जिसके लिए पूरी टीम का मोबाइल के असल मालिकों ने तालियां बजाकर दिल से धन्यवाद किया जिनमे रिंकी नाम की महिला ने मोबाइल प्राप्त करते हुए बतलाया कि आज का बेटे का जन्मदिन भी है तथा मेरे खोया हुआ मोबाइल भी मुझे आज मिल गया है जो अपने खोये हुए मोबाइल के मिलने पर उसकी खुशी दोगुनी हो गई है।

इसी संबंध में मोबाइल फोन लौटने की प्रक्रिया जारी है अन्य मोबाइल फोन को भी उनके असल मालिक तक जल्द पहुंचाया जाएगा। इससे पूर्व में भी फरीदाबाद पुलिस द्वारा गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन उनके मालिको तक पहुंचाए गए थे और भविष्य में भी मोबाइल फोन ढूंढ कर उनके असली मालिकों तक पहुंच जाएंगे।

# रेड कार्पेट पर इन एक्ट्रेस ने दिखाया अपना जलवा



**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा इवेंट मेट गाला 2024 एक बार फिर से चर्चा में है। 6 मई से शुरू हुआ यह इवेंट सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा में बना हुआ है। मेट गाला पॉपुलर फैशन इवेंट है। जिसे हर साल न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित किया जाता है। इस इवेंट में देश-विदेश की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और अपने फैशन से इस इवेंट में चार चांद लगाती हैं। इस साल भी इस इवेंट में दुनियाभर के कई मशहूर लोग हिस्सा ले रहे हैं। कुछ सालों से इस इवेंट में प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण नजर आ रही है , तो वहीं इस बार बॉलीवुड एक्ट्रेस अलिया भट्ट इस इवेंट में सबका ध्यान अपनी ओर खीचती नज़र आई। आलिया के अलावा इस इवेंट में कई अन्य भारतीयो ने भी हिस्सा लिया है , जिनमें नताशा पूनावाला समेत अन्य भारतीय शामिल हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अकसर अपने स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर चर्चा में रहती हैं। मेट गाला 2024 में भी अभिनेत्री अपने फैशन सेंस के चलते सुर्खियां बटोरती नजर आईं। मेट गाला के रेड कार्पेट में आलिया मशहूर डिजाइनर सब्यसाची की बनाई मिंट ग्रीन रंग की साड़ी पहनी नजर आईं। उनकी यह कस्टम-डिज़ाइन की गई साड़ी को 1965 घंटों में 163 लोगों ने बनाया है। साथ ही उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ मैचिंग जूलरी भी कैरी की हैं, जिसे देख हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है।

भारतीय बिजनेसमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी भी मेट गाला 2024 में शामिल हुए भारतीयों में से एक थीं। इस खास मौके पर ईशा एक बार फिर अपनी स्टाइलिंग से लोगों का ध्यान आकर्षित करती नजर आईं। इस इवेंट के रेड कार्पेट के लिए उन्होंने राहुल मिश्रा द्वारा बनाया गया एक बेहद खूबसूरत गाउन चुना। उनके इस शानदार आउटफिट को बनाने में 10,000 घंटों का समय लगा। उनका यह आउटफिट नक्काशी और मिनिएचर पेंटिंग के प्राचीन भारतीय कला रूपों का इस्तेमाल कर तैयार किया गया है। नताशा पूनावाला एक बार फिर मेट गाला के रेड कार्पेट पर सुर्खियां बटोरती नजर आईं। अपनी अतरंगी स्टाइलिंग को लेकर चर्चा में रहने वालीं नताशा इस बार भी कुछ अलग आउटफिट पहने नजर आईं। भारतीय अरबपति सुधा रेड्डी भी मेट गाला 2024 के रेड कार्पेट पर नजर आईं। इस दौरान उनके 200 कैरेट से ज्यादा के हीरों पर लोगों की निगाहें अटक गई। ऑफ-व्हाइट कलर के गाउन के साथ उन्होंने 180 कैरेट का हार पहना हुआ था, जिसमें 25 कैरेट का दिल के आकार का हीरा और किनारों पर 20 कैरेट के दिल के आकार के तीन अन्य हीरे जड़े हुए थे। भारत में जन्मी फैशन इंटरप्रिन्योर मोना पटेल ने इस साल मेट गाला रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। इस दौरान उन्होंने अपने डेब्यू लुक से सभी का दिल जीत लिया।

# गेम ऑफ थ्रोन्स एक्टर का निधन



**समाचार गेट/दीपिका**

**मुंबई।** गेम ऑफ थ्रोन्स में केवन लैनिस्टर की भूमिका निभाने के लिए लोकप्रिय ब्रिटिश अभिनेता इयान गेल्डर का निधन हो गया है। वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। बताया जा रहा है कि वो कैंसर से पीड़ित थे और पित्त नली के कैंसर की जटिलताओं के चलते उनकी मौत हो गई। 74 वर्ष की उम्र में इयान ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। गेल्डर के पार्टनर बेन डेनियल्स ने मंगलवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में उनकी मृत्यु की पुष्टि की। डेनियल्स ने लिखा, बड़े दुख और लाखों टुकड़ों में बंटे भारी दिल के साथ मैं अपने प्यारे पति और जीवनसाथी इयान गेल्डर के निधन की घोषणा करने के लिए यह पोस्ट छोड़ रहा हूं। एक्टर की पार्टनर ने लिखा, इयान को दिसंबर में पित्त नली के कैंसर का पता चला था और कल 13.07 बजे उनका निधन हो गया। मैंने उसकी देखभाल करने के लिए सभी काम रोक दिए थे लेकिन हममें से किसी को भी अंदाजा नहीं था कि यह सब इतनी जल्दी हो जाएगा। वह मेरी पूरी ताकत थे और हम 30 से अधिक वर्षों से साथी रहे हैं। अगर हम साथ नहीं होते तो हम हर रोज एक-दूसरे से बात करते। वह सबसे दयालु, सबसे उदार, उत्साही और प्यार करने वाले इंसान थे। पोस्ट की गई तस्वीर के बारे में जिक्र करते उन्होंने आगे कहा, यह तस्वीर क्रिसमस के समय ली गई थी जब मैं उसे अस्पताल से बाहर लाई थी और भले ही वह तीन सप्ताह सबसे खराब दौर से गुजरा हो, फिर भी आप ऐसा कर सकते हैं। उसकी खुशी और प्यार को चमकते हुए देखें। आराम करो मेरे प्यारे चियानी। साथी कलाकारों और उद्योग जगत के साथियों की ओर से श्रद्धांजलियां आना शुरू हो गईं और संवेदनाएं व्यक्त की गईं। कई ने गेल्डर की यादें साझा कीं। मैट लैंटर ने डेनियल्स के लिए दुआएं कीं, जबकि रिचर्ड ई ग्रांट ने गेल्डर के जाने को नुकसान बताया। लैन गेल्डर की प्रतिभा और गर्मजोशी ने उन्हें दुनिया भर के दर्शकों का प्रिय बना दिया, विशेष रूप से गेम ऑफ थ्रोन्स में केवन लैनिस्टर के उनके किरदार के लिए उन्होंने खूब तारीफें बटोरीं। उन्होंने कई टीवी सीरीज में भी काम किया था, जिनमें डॉक्टर हूं, स्नैच, फिफ्टीन-लव, कैजुअल्टी, एडवर्ड द किंग, आई थॉट यू गॉन और हिज डार्क मटेरियल समेत कई दूसरे प्रोजेक्ट्स शामिल हैं।

# रणवीर सिंह ने डिलीट की वैडिंग फोटोज



**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत पलों को जी रही हैं, क्योंकि वह प्रेग्नेंट हैं। सितंबर में वह अपने बच्चे को जन्म देंगी। प्रेग्नेंसी जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है दीपिका ग्लैमर वर्ल्ड से दूर हो रही हैं। इस साल दीपिका मेट गाला में भी नहीं गई हैं। हालांकि इस बीच एक खबर ने दीपिका और रणवीर के फैंस को सकते में डाल दिया। खबरों के मुताबिक रणवीर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी की तस्वीरों को डिलीट कर दिया है। रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दीपिका और अपनी शादी की तस्वीरों को डिलीट कर दिया है। हालांकि दीपिका के साथ उनकी कई अन्य तस्वीरें अब भी उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर आ रही हैं। इसके पहले खबर आई की रणवीर और दीपिका वेकेशन पर हैं। वह कहां गए हैं, इसकी खबर को किसी को नहीं लेकिन वेकेशन के दौरान की एक तस्वीर जरूर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में पहली बार दीपिका का बेबी बंप नजर आ रहा है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि रणवीर-दीपिका किसी शिप की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे हैं। दीपिका आगे चल रही हैं और उन्होंने लूज कंफर्टेबल ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें उनके बेबी बंप दिख रहा है। नवंबर 2018 में रणवीर और दीपिका ने शादी की थी और अब करीब 5 सालों के बाद दोनों के घर खुशखबरी आने वाली है।

# समर्थ से रिश्ता तोड़ने के बाद एल्विश यादव के साथ दिखी ईशा मालवीय



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुंबई।** ईशा मालवीय का कुछ दिनों पहले उनके बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल से ब्रेकअप हो गया। ईशा पहले अभिषेक कुमार के साथ रिलेशनशिप में थी। टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय हमेशा से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उनका एक्टर समर्थ जुरेल से ब्रेकअप हुआ है। बिग बॉस 17 में इन दोनों अपने रिश्ते की वजह से काफी चर्चा में थे। इस रियलिटी शो में ईशा मालवीय के एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार भी थे, जिसकी वजह से भी वह खूब चर्चा में रही थीं। समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार से ब्रेकअप के बाद अब ईशा मालवीय को नया प्यार मिल गया है। ईशा मशहूर यूट्यूबर एलविश यादव को डेट कर रही हैं। जिसको लेकर अब ईशा मालवीय ने सफाई दी है। दरअसल ईशा मालवीय और एलविश यादव का हाल ही में एक रोमांटिक सॉन्ग रिलीज हुआ था। जिसके बाद से ऐसी चर्चा है कि यह दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में ईशा मालवीय ने इंस्टा बॉलीवुड से बात की। इस दौरान उन्होंने एलविश यादव के साथ अपने रिश्ते पर सफाई पेश की है। एक्ट्रेस ने कहा, यह उस समय की बात है जब मेरा गाना वे पगला रिलीज हुआ था। मैं इसका प्रचार कर रही थी। ऐसा कुछ भी नहीं है. बेशक, मैं एलविश को जानती थी लेकिन हम कभी मिले नहीं थे। फिर मैं उनसे मिली, हमने एक रील रिकॉर्ड की और साथ मे एक पोस्ट किया,बस इतना ही है। गौरतलब है कि इस साल मार्च में एलविश यादव ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह ईशा मालवीय के साथ समुद्र किनारे टहलते नजर आ रहे थे। दोनों हाथ पकड़ कर एक-दूसरे की आंखों में देख रहे थे इस वीडियो को शेयर करते हुए एलविश यादव ने कैप्शन में लिखा था, वक्त के बदलने से दिल कहां बदलते हैं आप से मोहब्बत थी आप से मोहब्बत है। इस वीडियो को देखने के बाद कई लोग हैरान थे जिसके बाद ऐसी चर्चा होने लगी कि क्या ईशा और एलविश के बीच कुछ चल रहा है।






## संपादकीय

# कांग्रेस की दिशाहीनता




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो-खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

# हसनपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, पुलिस व अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**



**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलवल पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक महोदया डॉक्टर अंशु सिंगला, भा०पु०से० के दिशा निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के हसनपुर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व आइटीबीपी की टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

जानकारी देते हुए डीएसपी श्री दिनेश यादव ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। चुनाव की घोषणा के उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। जिला पलवल में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने आइटीबीपी जवानों के साथ मिलकर चांदहट एवं हसनपुर में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

थाना हसनपुर प्रभारी उप निरीक्षक अजीत सिंह नागर के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च हसनपुर क्षेत्र के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

**अफवाहों पर ना दें ध्यान-**

डीएसपी ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें। यदि उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे तुरंत पुलिस प्रशासन को 112 पर सूचित करें। साथ ही उन्होंने असमाजिक तत्वों को साफ आगाह किया कि अगर चुनाव में किसी तरह के असमाजिक कार्य करने की मंशा रखते है तो संभल जाए वरना पुलिस सख्त से कदम उठाएगी।

# डीएसपी हथीन की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव मध्यनजर सरपंचों के साथ हुई बैठक

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के दिशा निर्देश अनुसार जिला पुलिस लगातार मौजीज व्यक्तियों तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर रही है ताकि चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जा सके। इसी कड़ी में आज डीएसपी हथीन श्री सुरेश भड़ाना एवं प्रबंधक थाना हथीन निरीक्षक छत्रपाल तथा प्रबंधक थाना बहीन निरीक्षक रेनू शेखावत ने लोकसभा चुनाव मध्यनजर संयुक्त रूप से सरपंचों साथ बैठक की। बैठक के दौरान थाना हथीन व बहीन क्षेत्र के गांवों के सरपंच मौजूद रहे। इससे पूर्व डीएसपी महोदय द्वारा हथीन उपमंडल के अति शाम में तहसील बूथों भी निरीक्षण किया गया।



बैठक के दौरान डीएसपी हथीन श्री सुरेश भड़ाना ने सरपंचों को गांव में आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों से उन्हें चुनाव परिणाम आने तक थाने में जमा कराने, गांव में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठीकरी पहरा आदि की मुनादी कराने को भी कहा। उन्होंने बताया कि संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी, ताकि माहौल खराब ना हो। उन्होंने लोगों से अपील की, कि इस दौरान अगर गांव या कस्बे में कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। गांव के सरपंचों, वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्र में पुरानी रंजिश के संबंध में भी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदया डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। पलवल पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। आप निर्भीक होकर मतदान करें।

बैठक में थाना हथीन व बहीन के दोनों थाना प्रभारीयों ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग के साथ ही समाज विरोधी तत्वों पर नकेल डाली जा सकती है। उन्होंने कहा कि नौजवानों में बढ़ रहा नशे का रुझान चिंता का विषय है, इसकी रोकथाम के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न गांवों में एसपीओ नियुक्त कर खेल प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि गांव में नशीले पदार्थों बेचने वालों, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को प्रदान करें ताकि समाज से नशा के अभिशाप को खत्म किया जा सके। शरारती असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश करने अथवा किसी तरह की अफवाह फैलाने की सूचना तुरंत पुलिस को दे, इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर चले लाठी डंडे 11 घायल

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** हरी नगर में गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले ।जिसमें दोनों ही पक्ष की तरफ से 11 लोग चोटिल हो गए ।जिसमें से 10 लोगों को गुड़गांव रेफर कर दिया गया है ।घायलों में चार महिलाएं भी शामिल हैं ।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर ले ली है और तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है ।कुछ घायलों को पुलिस ने गुड़गांव के नागरिक अस्पताल भेज दिया है। घायलों ने बताया कि वह हरी नगर में रहते हैं। कार खड़ी करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बड़ा की दोनों तरफ से लाठी डंडे निकल जाए और एक दूसरे पर वार करना शुरू कर दिया ।घायल अवस्था में जब इन्हें सोहना के नागरिक अस्पताल लाया गया तो नागरिक अस्पताल के गेट के सामने भी दोनों पक्ष भीड़ गए। आसपास के लोगों ने उनके बीच बचाव कराया ।सभी घायलों को सोहने के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां से दस घायलों को गुड़गांव के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टर का अनुसार घायलों को चोट ज्यादा नहीं है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में दोनों ही पक्षों के बयान ले लिए गए हैं और आगामी कार्रवाई की जा रही है। दोनों दोबारा झगड़ा ना हो इसलिए नागरिक अस्पताल में पीसीआर की टीम खड़ी कर दी गई है।

# एकमे स्कूल की तीसरी मंजिल में आग

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** इंडरी मार्ग पर स्थित एकमें स्कूल के तीसरी मंजिल के कमरे में आग लग गई। आग की खबर पाते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए ।आग के कारण का कोई खुलासा नहीं हो सका। मामले की सूचना पाते ही सोहना से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची ।करीब 3 घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया गया। इस आग के कारण कमरे में रखा सभी सामान जलकर राख हो गया ।वहीं कमरों की दीवारों में भी दरारें आ गयी। बताया जा रहा है कि कमरे में पुराने डेस्क व अन्य सामान पड़ा हुआ था। फायर ब्रिगेड के सुपरवाइजर जयबीर भड़ाना ने बताया कि देर रात उन्हें खबर मिली कि सोहना पर स्थित एकमें स्कूल की तीसरी मंजिल में आग लग गई है ।आग की खबर पाते ही पहले एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर भेजी गई। लेकिन जब आग पर काबू नहीं पाया गया तो मौके पर दूसरी फायर ब्रिगेड की गाड़ी भेजी गई ।करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन आग किस कारणों से लगी इसका कोई खुलासा नहीं हो सका ।आग के कारण क्या नुकसान हुआ है इसके बारे में भी सही तरीके से नहीं पता चल सका। तीसरी मंजिल पर आग लगने के कारण फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

# एनएच 152डी पर कट छोडने की मांग का लेकर ग्रामीणों का धरना जारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों का प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 423वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलग ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की लोकलुभावन कार्यप्रणाली की वजह से कट का कार्य अटका पडा है। जबकि धरनारत ग्रामीण भीषण गर्मी में कट के निर्माण का उद्देशय लेकर धरने पर डटे हुए हैं। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को जानबूझकर अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि 230 किलोमीटर लम्बा यह नैशनल हाइवे महेंद्रगढ जिले के विभिन्न गावों से होकर गुजर रहा है। जिसके लाभ से दर्जनों गांव वंचित हैं। केंद्रीय सडक़एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से बीते समय यहां पर कट देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर नरेंद्र शास्त्री, रणधीर पहलवान, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबे सिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, मनोज, शेर सिंह, रोशन आर्य, मनीराम हाजिर थे।

# संजु सैमसन को बीसीसीआई ने दी कड़ी सज़ा

**समाचार गेट/एजेंसी**




**मुंबई।** संजू सैमसन पर इंडियन प्रीमयिर लीग (IPL 2024) में दिल्ली कैपटिल्स के खलिाफ हुए मैच के बाद बोर्ड ऑफ क्रिकेट कंट्रोल इन इंडयिा (BCCI) ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू पर अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपटिल्स से मिली 20 रनों से हार के बाद आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट (IPL Code of Conduct) का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। हालांकि,सैमसन पर जुर्माना क्यों... ? अपराध की जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन यह दिल्ली के 222 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए 86 रनों की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है। तब संजू का कैच शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर पकड़ा था। संजू को जब आउट करार दिया दिया गया तो उन्होने मैदानी अंपायरों के साथ बहस की।

सवाल यह था कि क्या कैच लेते समय होप का पैर बाउंड्री को छू गया था ? पर थर्ड अंपायर ने सैमसन को आउट दिया, लेकिन रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन इस बात से खुश नहीं थे। उन्होंने शुरुआत में पवेलियन की ओर चलना शुरू किया, लेकिन फिर बीच में लौट आए और मैदानी अंपायरों से कुछ बातचीत की। आईपीएल ने बयान में कहा, 'सैमसन ने आईपीएल कोड ऑफ नियम 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया. उन्होंने अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।'संजू ने 46 गेंदों पर 86 रनों की जबरदस्त पारी खेली. उनकी पारी में 8 चौके और 6 शामिल रहे, इस दौरान संजू का स्ट्राइक रेट 186.95 का रहा. संजू जब खेल रहे थे तो लग रहा था कि वो राजस्थान 222 का टारगेट चेज करवा देंगे, लेकिन वह 16वें ओवर में मुकेश कुमार की चौथी गेंद पर बाउंड्री लाइन पर शाई होप के हाथों कैच आउट हो गए। सैमसन के इसी आउट होने के तरीके पर सवाल उठे। दरसअल,संजू सैमसन का मानना था कि शाई होप ने कैच पकड़ने के दौरान बाउंड्री लाइन को टच कर लिया है। संजू सैमसन के आउट होने के बाद दिल्ली कैपटिल्स के सह-मालकि पार्थ जिंदल का रिएक्शन भी खूब चर्चा में रहा। दरअसल, जैसे ही सैमसन ने फैसले को लेकर मैदानी अंपायर के सामने आपत्ति जताई, जिंदल ने उन पर आउट है, आउट है चिल्लाना शुरू कर दिया। जिंदल के इस रिएक्शन की खूब आलोचना हुई।

# तापमान के साथ-साथ लोकसभा चुनाव प्रचार में आने लगी गर्मी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लगातार बढ रही गर्मी के साथ-साथ लोकसभा के प्रचार में भी गर्मी आने लगी है। विभिन्न पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता पसीना-पसीना हो रहे हैं।

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी,उनके परिजन एंव स्टार प्रचारक नेता नुक्कड़ सभाएं कर वोट बटोरने की जुगत में लगे हुए हैं। कार्यकर्ता भी अपने संपर्क के लोगों के पास पंहुचकर वोट पका रहे हैं। आमजन नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के आने पर गर्मी के मौसम में उबाल खा रहे हैं। किसान खेतों के कार्य से निपट लिए हैं, राजनेता देर-सवेर उनके पास पंहुचकर किसानों की दशा सुधारने तथा युवाओं का सरकारी खजाने में हिस्सेदारी करने का वादा कर रहे हैं। गर्मी के लिहाज से मतदाता एवं राजनेताओं का पारा सातवें आसमान पर है। महेंद्रगढ-भिवानी लोकसभा चुनाव क्षेत्र से क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशी गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार कर वोट देने की अपील कर रहे हैं। जिस हिसाब से चुनाव प्रचार किया जा रहा है उसे लेकर माना जा रहा है कि इन उम्मीद्वारों का राष्ट्रीय मुद्दों तथा जनसरोकारों से कोई मतलब नहीं बल्कि आपस में एक-दूसरे से अधिक मत लेकर शक्ति प्रदर्शन करना मान रहे हैं।

# स्कूली बच्चों से भरे ऑटो की टैंकर से टक्कर, 9 बच्चे घायल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले के गांव घासेड़ा के समीप बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे एक स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो ने सड़क किनारे खड़े एक पानी के टैंकर में टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो के अंदर बैठे 9 स्कूली बच्चे घायल हो गए । घायल बच्चों में दो बचचिों सहित तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए नलहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल और स्कूल के प्रिंसिपल अस्पताल पहुंचे और बच्चों का हाल-चाल जाना।









# कंगना रनौत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे शेखर सुमन





**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** इंडियन टीवी के आइकॉनिक चेहरों में से एक शेखर सुमन इन दिनों काफी चर्चाओं में हैं। हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज हीरामंडी में शेखर सुमन ने एक महत्वपूर्ण किरदार निभाया और उनके काम को जनता काफी पसंद कर रही है। अभी लोग उनके इस काम की तारीफ कर ही रहे थे कि शेखर के फिर से पॉलिटिक्स में उतरने की खबर भी आ गई। मंगलवार को शेखर सुमन ने बीजेपी पार्टी जॉइन कर ली. कुछ समय पहले ही एंटरटेनमेंट की दुनिया में बड़ा नाम रह चुकीं, एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी बीजेपी जॉइन की थी, और वो हिमाचल के मंडी इलाके से 2024 का चुनाव भी लड़ रही हैं। शेखर सुमन और कंगना का एक पुराना इतिहास भी रहा है. कुछ साल पहले शेखर के बेटे और कंगना के रिलेशनशिप, और फिर ब्रेकअप की सुर्खियों ने काफी चर्चा बटोरी थी।

**बेटे की एक्स के लिए कैम्पेन करेंगे शेखर सुमन?**

बीजेपी जॉइन करते ही शेखर से पूछा गया कि क्या वो इस चुनाव में कंगना के लिए चुनाव प्रचार करेंगे? शेखर ने कहा, अगर बुलाएंगी तो क्यों नहीं जाएंगे? ये तो मेरा फर्ज बनता है और हक भी। शेखर के बेटे अध्ययन सुमन और कंगना रनौत पहली बार फिल्म राज 2 के सेट पर, 2008 में मिले थे। फिल्म के शूट पर ही दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया। दोनों ने अलग होने से पहले करीब एक साल तक एक दूसरे को डेट किया था।

**शेखर ने एक दिन में लिया बीजेपी जॉइन करने का फैसला**

हीरामंडी में अपने काम से रंग जमा रहे शेखर सुमन ने मंगलवार को बीजेपी जॉइन कर ली। एक प्रेस कांफ्रेंस को एड्रेस करते हुए शेखर ने कहा, कल तक मुझे नहीं पता था कि आज मैं यहां बैठा होऊंगा क्योंकि जीवन में बहुत सारी चीजें चाहे-अनचाहे हो जाती हैं। मैं बहुत पॉजिटिव थिंकिंग के साथ यहां आया हूं और मैं ईश्वर का शुक्रिया अदा करता हूं कि उसने मुझे यहां आने का आदेश दिया। शेखर सुमन की राजनीति में यह दूसरी पारी है। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर, पटना साहिब सीट से 2009 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। लेकिन उन्हें बीजेपी नेता शत्रुघ्न सिन्हा से हार का सामना करना पड़ा था। सिन्हा ने करीब 1.67 लाख मतों के बड़े अंतर से इस सीट पर कब्जा जमाया था। बाद में 2012 में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा से हार का सामना करना पड़ा था। सिन्हा ने करीब 1.67 लाख मतों के बड़े अंतर से इस सीट पर कब्जा जमाया था।

बाद में 2012 में उन्होंने कांग्रेस से रिजाइन कर दिया था. उनका कहना था कि निजी और व्यावसायिक व्यस्तता के कारण पार्टी के लिए समय निकालना मुश्किल था। इस वजह से वे पार्टी छोड़ रहे है।

# एकता कपूर को मिली नयी नागिन




**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** एकता कपूर का सुपरनैचुरल पावर से भरा हुआ सीरियल नागिन के सातवें सीजन का इंतजार फैंस दिल थामकर कर रहे हैं। इस शो के 6 सीजन आ चुके हैं और छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश नागिन बनकर छा गई थीं। अब फैंस जानना चाहते हैं कि एकता कपूर की नई नागिन कौन सी हसीना बनने वाली है। एकता कपूर नागिन के हर सीजन में एक नई हसीना को लीड रोल में लेती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आ चुके हैं। इन सबके बीच, नागिन 7 से जुड़ा एक पोस्टर भी वायरल हो रहा है, जिसमें नागिन की एक्ट्रेस का चेहरा दिख रहा है।

रिद्धिमा पंडित बनीं नई नागिन?

दरअसल, सोशल मीडिया पर नागिन7 से जुड़े कई फैन मेड पोस्टर वायरल हो रहे हैं, जिसमें कई हसीनाओं को नागिन लुक दिया गया है। बीते दिनों रुबीना दिलैक का नागिन लुक खूब वायरल हुआ था और अब एक नई हसीना का पोस्टर सामने आ गया है, जो फैन मेड है। इस पोस्टर में टीवी बहू हमारी रजनीकांत एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित नजर आ रही हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि रिद्धिमा पंडित ने कानों में भारी भरकम इयररिंग पहने हुए हैं और एक्ट्रेस की ड्रेस भी काफी रिविलिंग है। इस पोस्टर में एक्ट्रेस के एक्सप्रेशन देखने लायक है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस फैन मेड पोस्टर को सच मान लिया है। अब हर कोई इस पोस्टर के कंफर्मेशन का इंतजार कर रहा है। बीते दिनों एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित से इंस्टाग्राम लाइव में भी नागिन 7 से जुड़े सवाल किए गए। तब एक्ट्रेस ने बताया था कि वह शो ऑफर होने पर जरूर करेंगी। एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित को सीरियल बहू हमारी रजनीकांत से पॉपुलैरिटी मिली थीं। इस शो में वह एक रोबोर्ट की भूमिका में दिखीं और छा गईं। इसके बाद रिद्धिमा कुछ और भी शो में दिखीं, लेकिन वह अच्छे काम के बाद भी टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में नहीं पाईं। रिद्धिमा ने कुछ समय पहले ही बताया था कि वह पिछले तीन साल से स्क्रीन से दूर हैं।

# देश में खुशहाली और रामराज्य लाना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करे : कृष्णपाल गुर्जर





**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ताबड़तोड़ प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने होडल विधानसभा के गढ़ी पट्टी, बेढ़ा पट्टी, भिडूकी, रामगढ़ लीखी एवं मितरोल में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव गांव के मुद्दों पर नहीं राष्ट्र निर्माण के मुद्दों को लेकर होता है। पिछले दस सालों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष के आगे पूरी दुनिया नतमस्तक हुई है। देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत दिशा देने का काम किया गया है। देश आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज पूरे देश में एक ही पार्टी है जो अपने बलबूते पर सरकार बना सकती है और वो है भारतीय जनता पार्टी। उन्होने कहा कि आप देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व कि दस साल की सरकार का आकलन मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार से करके देखिए आज जो अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े कर रहे हैं इनकी सरकार में देश पर कुर्बान होने वाले शहीद का पार्थिव शरीर भी नहीं आता था। होडल शहर से निकलते ही सड़कों का जाल फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज संपर्क मार्ग हो या फिर हसनपुर में निर्माणाधीन यमुना पुल सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे अगली योजना में पूरा करवा लेना। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में भारत दुनिया का तीसरा अर्थ व्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। पड़ोसी दुश्मन देश भुखमरी के कगार पर है। भारत जापान और जर्मनी को भी पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर पहुंच रहा है और विपक्षी पाकिस्तान के रहमो करम पर अपनी साख बचाने को जद्दोजहद कर रही है। इस अवसर पर गांव गांव में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से लाद दिया और पगड़ी बांध कर भरपूर समर्थन सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सरपंचो को डरा धमका कर कराए जा रहे बीजेपी प्रत्याशी के गांवों में स्वागत : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान




**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने बीजेपी पर लगाए गम्भीर आरोप कहा कि बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर व उनका पीए अधिकारियों और गांव कर सरपंचों को डरा धमका कर चुनाव मै वोट डलवाने का दवाव बना रहे है और फरीदाबाद को दोनो हाथो से लूट रहे है वोट की चोट से इनके आतंक को करना होगा खत्म। अब लोक सभा चुनाव पूरे चरम पर है सभी पार्टियां चुनाव प्रचार मै जुट गई है और लोगो से अपने हक मै वोट मांग रहे हैं और इसी बीच प्रत्याशी एक दूसरे पर निशाना साधने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है इसी के चलते होडल मै कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया।

गाय में जिसमे लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने शिरकत की हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर गम्भीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दे डाली उदयभान ने कृष्ण पाल पर आरोप लगाते हुए कहा की कृष्णपाल उसका सरकारी पीए विधूड़ी सरपंचों को डरा धमका कर बीजेपी के लिए वोट मांग रहे है सरपंचों को जबरदस्ती दवाव डालकर सरपंच के गांव में कृष्णपाल के प्रोग्राम कराए जा रहे है बीजेपी में आने का दिखावा कर रहे है।

उदयभान ने कहा की कृष्णपाल ने अपनी दबंगई के चलते प्राइवेट बसे चलाई हुई है और अवैध खनन कराए जा रहे है और कृष्णपाल परिवार के तीन मामा फरीदाबाद को दोनो हाथो से लूटने में लगे हुए है उदयभान ने कहा कि इनके आतंक से अगर निजात पानी है कृष्णपाल के आतंक को खत्म करने के लिए एक एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप यानी कांग्रेस को जाना चाहिए केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है सरकार बनते ही इनसे एक एक हिसाब मांगा जाएगा होडल हथीन मै कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ताबड़तोड़ जन सभाएं कर रहे है उदयभान ने बताया और जल्द ही पूरे मुख्य मंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी जन सभाएं करने होडल आएंगे।

## गर्मी में भुने हुए चने तथा जौ का सेवन स्वास्थ के लिए रामबाण औषधि

# चने के प्रयोग से बिमारियों से रहता है बचाव: डॉ. सुदरलाल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** गर्मी के मौसम में भुने हुए चने तथा जौ का सेवन स्वास्थ के लिए अति लाभकारी है। इसी पहलु के चलते गर्मी बढने के साथ-साथ बाजारों में धाणी-भुगड़े की मांग बढने लगी है। चिकित्सकों की रॉय में जौ को भूनकर तैयार की गई धाणी हमें गर्मी से बचाती करती है वहीं भुने हुए चने, भुगड़े पानी पीने की क्षमता बढाते हैं। गर्मी के मौसम में अधिक पानी का सेवन करना ही गर्मी से बचाव का प्रमुख कारण है। दूसरी ओर लगातर भुने हुए चने का इस्तेमाल करने वाला व्यक्ति बिमारी से बचा रहता है। चालू वित्त वर्ष में गर्मी बढने के साथ-साथ इनकी मांग बढने से भुनेरों का काम बढ गया है। चना व जौ बेचने वाले लोग गांव-गांव पंहुचने लगे हैं। दिलचस्प बात है कि चने का प्रयोग गरीब तथा अमीर सभी लोग प्रयोग करते हैं। कनीना में जौ-चना भुनाई का काम करने वाले दिनेश राजपूत ने बताया कि गर्मी के आगमन पर धाणी तथा भुगड़े की मांग बढ जाती है। इसकी भुनाई के लिए मशीन लगाई हुई है। जो दो घंटे में साढे तीन क्विंटल चना भूनकर तैयार कर देती है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मिट्टी से भाड़ बनाया जाता था। जिसमें ईंधन जलाकर गर्म किया जाता था। फिर गर्म रेत को चना-जौ पर डाला जाता था जिससे लम्बी प्रक्रिया अपना कर उनकी भुनाई होती थी। आज भाड़ की जगह लोहे की कडाई तथा मशीन ने ले ली है। नमक को कड़ाई में गर्म कर चने डालकर भूने जा सकते हैं इसके अलावा बिजली एवं डीजल ईंजन से चलने वाली मशीन से जौ-चने को आसानी से भूना जा रहा है। मशीन पर कार्य करते समय दो हैल्परों की जरूरत होती है। जो कच्चे चने को मशीन में डालने तथा भुने हुए चने का अलग से भंडारण करते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में भुने हुए चने एवं जौ की मांग बढ जाती है। हरियाणा प्रदेश में चना व जौ की पैदावार कम होने की वजह से वे राजस्थान से लेकर आते हैं।

**चिकित्सकों की नजर में स्वास्थ के लिए रामबाण है चने का प्रयोग**

इस बारे में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कनीना में कार्यरत प्रवर चिकित्सा अधिकारी सुदंरलाल व दंतक सर्जन डॉ.जितेंद्र मोरवाल ने बताया कि भुने हुए चने में भरपूर मात्रा में कैलशियम, फाईबर, प्रोटीन, कार्बोहाईट्रेट तथा आयरन होता है जो शरीर के पोषक तत्व हैं। चने खाने से दांत मजबूत होते हैं तथा गुड़ के साथ खाने से गला भी साफ होता है। गले की बिमारी नहीं होती। गर्मी में चना खाने से प्यास अधिक लगती है तथा बार-बार पानी पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। जिससे गर्मी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शूगर की बिमारी से छुटकारा पाने के लिए चने का सेवन रामबाण है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को : सीजेएम तैय्यब हुसैन



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल व हथीन की अदालतों में किया जाएगा अधिक से अधिक लंबित केसों को निपटाने का पूर्ण प्रयास 8 मई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव तैय्यब हुसैन ने बताया कि आगामी 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करके अधिक से अधिक केसों के निपटाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इससे पूर्व गुरुवार को प्रिलेटिगेटिव लोक अदालत का आयोजन करके बैंक संबंधी मामलों की सुनवाई करके निपटारा किया जाएगा।

सीजेएम तैय्यब हुसैन ने बताया कि शनिवार को होडल व हथीन में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों के निपटान के लिए विभिन्न 06 बैंचों का गठन किया गया है। बैंच में न्यायाधीश तथा सदस्य अधिवक्ता को शामिल किया गया है। अधिक से अधिक लंबित व प्री-लेटिगेटिव केसों को लोक अदालत में निपटाना लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है।

सीजेएम ने बताया कि 11 मई को पलवल, होडल व हथीन में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक संबंधी मामले, मनी रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक तथा अन्य दावे संबंधी केसों का निपटान किया जाएगा।

## लोक सभा व विस चुनाव के बाद होंगे नगरपालिका के चुनाव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगर पालिका कनीना व अटेली के चुनाव अब लोकसभा व विधान सभा चुनावों के बाद ही संभव हैं। जबकि यहां की मतदाता सूची अपडेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। ईधर नपा का कार्यकाल करीब सालभर पूर्व पूरा हो चुका है उसके बाद से एसडीएम के पास नपा का चार्ज है। उनकी ओर से कनीना में बुनियादी कार्य भी करवाए जा रहे हैं। बीते समय की गई वार्ड बंदी में कनीना व अटेली नपा में एक-एक वार्ड की बाढौतरी की गई है। कनीना में 14 वार्ड निर्धारित किए गए हैं।

## हृदय एवं नेत्र रोग जांच शिविर 12 को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सेवा भारती के सौजन्य से आगामी 12 मई रविवार को कनीना मंडी स्थित लाला शिवलाल की धर्मशाला में हृद्य एवं नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिवकुमार अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच कर दवा व चश्मे वितरित करती है।

## आर्य समाज का वार्षिकोत्सव 11 से

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आर्य समाज रसूलपुर का 34वां दो दिवसीय वार्षिक उत्सव आगामी 11-12 मई को आयोजित होगा। समाज के मंडलपति सतीश आर्य ने बताया कि इस समारोह में भजन-उपदेश के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतयों से दूर रहने का आव्हान किया जायेगा। उत्सव में संगीता आर्या, अनुज शास्त्री, विजयपाल, बंसीराम, वेदपाल, रामौतार प्रस्तुती देगें। इस समारोह की अध्यक्षता भगत सिंह करेगें।






# भाजपा सरकार ने ग्रामीण आंचल को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी ने होडल क्षेत्र के गांवों में किया जनसंपर्क, लोगों ने दिया अपार समर्थन



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने आज होडल विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा करके लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अपने दस वर्षीय संसदीय कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए अपने लिए समर्थन मांगा और नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से होडल के विधायक जगदीश नायर मौजूद थे। भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने गांव गढ़ी, बेढ़ा, भिडूकी, रामगढ़, लिखी, सीहा, मित्ररौल आदि में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इन जनसभाओं में मौजूद हजारों-हजारों की भीड़ ने एक स्वर में श्री गुर्जर के पक्ष में हुंकार भरते हुए दोनों हाथ उठाकर उन्हें लगातार तीसरी बार संसद भेजने का संकल्प लिया। गांवों में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को युवा बिग्रेड द्वारा मोटरसाइकिलों के काफिले के माध्यम से सभा स्थल तक लाया गया, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जनसभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि गांवों में भारत बसता है और इसी सोच को सार्थक करते हुए भाजपा सरकार ने ग्रामीण आंचल को विकास की मुख्यधारा से जोडने. का काम किया है। होडल क्षेत्र के गांवों में लोगों को शहरों की तर्ज पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। जगमग योजना के तहत जहां गांवों में चौबीस घण्टे बिजली आपूर्ति दी गई, वहीं रेनीवेल योजना के तहत मीठे पानी की आपूर्ति करके लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में गांवों में विकास के नाम पर केवल घोटाले होते थे, लेकिन मोदी सरकार में अगर एक रुपया विकास के लिए मंजूर हुआ है, तो वह विकास के लिए ही खर्च होगा। श्री गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय में बढ़ोतरी करके उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करने का काम किया, उनकी फसलों का उन्हें उचित मूल्य दिया, आज देश का अन्नदाता मोदी सरकार की नीतियों से लाभान्वित होकर बेहतर तरीके से अपना जीवन यापन कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले करीब चार करोड़ लोगों को मोदी सरकार ने मकान बनवाकर उन्हें छत देने का काम किया वहीं दलित, पिछड़े और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाया गया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि अगर वह अपने देश को सुरक्षित हाथों में रखना चाहते है तो आने वाली 25 मई को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करे। इस मौके पर विधायक जगदीश नायर ने भी अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पिछले दस वर्षो के दौरान किए गए विकास का ब्यौरा लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने सांसद कार्यकाल में होडल विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी, प्रत्येक गांव में समान रुप से विकास कार्य करवाए और लोगों की समस्याओं को दूर किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों में होडल क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पिछड़ गया था, लेकिन भाजपा राज में होडल क्षेत्र को विकास के मामले में एक नई पहचान मिली है और इसका श्रेय केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की दूरगामी सोच को जाता है। श्री नायर ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि होडल की जनता उन्हें भारी बहुमत से जिताकर तीसरी बार संसद भेजेगी ताकि वह फिर से सांसद बनकर होडल क्षेत्र में और ज्यादा विकास कार्य सम्पन्न करवा सके। इस मौके पर वाइस चेयरमैन वीरु, भगत सिंह पार्षद, सतबीर सरपंच, चौ. चरण सिंह तेवतिया, भूषण अहलावत, अजीत सरपंच सीहा, योगेश सरपंच, अजीत सरपंच, महेश सरपंच, हरेंद्र रामरतन, शीशपाल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# इनेलो के पक्ष में किया गया मतदान ओमप्रकाश चौटाला को देगा बड़ी ताकत : सुनील तेवतिया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज अपने जनसम्पर्क दौरे के दौरान पृथला क्षेत्र के गांव समयपुर, करनेरा, कबूलपुर, भनकपुर, मोहला, छपरौला, सहराला, भुजा, सिकन्दरपुर, नंगला भीखू, दुधौला, आमरू, मीरापुर तथा पलवल विधानसभा क्षेत्र के गांव धतीर में भी दौरे कर इनेलो के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान आयोजित चुनावी सभाओं में उनका पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए श्री तेवतिया ने कहा कि हमने स्व. चौ. देवीलाल से राजनीति को समाजसेवी करने की सीख सीखी है और हमेशा जनहित के कार्यों को बढ़ावा दिया है।

विधायक अभय सिंह चौटाला ने भी सही मायने में विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सडक् से लेकर विधानसभा के पटल पर हम जन से जुड़े मुद्दों को बुलंद आवाज में उठाया है। अभय चौटाला ही पहले ऐसे किसान नेता है जिन्होंने किसान के दर्द को समझते हुए अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। यही कारण है कि अब प्रदेश में फिर से लोग इनेलो के शासन को याद कर रहे है और उन्होंने लोकसभा चुनाव में ही इनेलो के पक्ष में मतदान कर बदलाव करने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने लोगों से भवनात्मक अपील की कि मैं आपका और आप मेरे है। इसलिए आपके बीच समर्थन मांगने आया हूं। अगर लोकसभा चुनाव में आप मेरे पक्ष में मतदान करोगें तो हरियाणा में हरियाणा में चौ. ओमप्रकाश चौटाला और विधायक अभय सिंह चौटाला को बड़ा राजनैतिक बल मिलेगा। इसलिए चौटाला साहब की बात पर और हमारे परिवार की साख पर मतदान कर इनेलो को सेवा करने का बड़ा मौका दें।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष फरीदाबाद देवेन्द्र चौहान, प्रदेश महासचिव महेन्द्र चौहान, पलवल के जिलाध्यक्ष अजीत बॉबी, फरीदाबाद जिले के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, बच्चू सिंह तेवतिया, संजय तंवर, बोधराज रावत, हेमराज तेवतिया, इन्द्र तेवतिया, धर्म तंवर, कंवलजीत दीघोट, पूनम चौधरी, सत्ते पहलवान, राहुल शर्मा, प्रेम डागर, अजय चौधरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल के लिए बडख़ल विधानसभा में डोर टू डोर कैंपेन कर रहे है राजन मुथरेजा



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा का प्रदेश संगठन बहुत मजबूत है और बूथ और पन्ना प्रमुखों के दम पर भाजपा हरियाणा की सभी 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है । भाजपा कार्यकर्त्ता एक-एक वोट कमल पर डलवाकर हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीट पर कमल खिलाएंगे।

यह बात बडख़ल विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन मुथरेजा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा लगातार विभिन्न ब्लॉकों में जाकर लोगों से भाजपा के लिए वोट मांगते समय मतदाता को जागरूक करते हुए कहे। बडख़ल विधानसभा में डोर टू डोर कैंपेन के दौरान राजन मुथरेजा राष्ट्रहित का मुद्दा उठाते हुए लोगों के बीच धुआंधार प्रचार करते हुए अपनी टीम के साथ नजऱ आ रहे है। बडख़ल विधानसभा में एनआईटी एक ,दो, तीन , पांच के आलावा ग्रीनफ़ील्ड कॉलोनी, दयालनगर में सुबह शाम कैंपेन कर लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल के लिए वोट मांग रहे है। बुधवार को राजन मुथरेजा ने एनआईटी तीन में शाम को खासकर महिला शक्ति के बीच पहुंचे , राजन ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की आज आम जनता चुनाव लड़ रही है। क्यों की वह मोदी जी को तीसरी बार पीएम के रूप में देखना चाहती है।

फरीदाबाद में कृष्णपाल गुर्जर की हैट्रिक लगाकर संसद में भेजना चाहती है। मोदी की गारंटी का असर ऐसा है की जनता ही कार्यकर्त्ता के रूप में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत पेटी के अंदर एक-एक वोट कमल पर डलवाकर फरीदाबाद से कमल खिलाने और मोदी जी को 400 पार लेकर जाने का प्रण ले चुकी है। राजन युवाओं के बीच में जाकर उनके भविष्य का वास्ता देकर यह कहते हैकि आप देश का भविष्य है और आप को मजबूत करने और आगे ले जाने का काम पीएम मोदी जी कर रहे है। राजन मुथरेजा पार्कों में जाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते है और जगह न मिलने पर नीचे बैठने से गुरेज नहीं करते है। और कहते है की लोकतान्त्रिक देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट जरूर दे , 25 मई का दिन वोट डालने का दिन है पहले मतदान फिर जलपान और फिर कोई और काम।

राजना मुथरेजा ने बुधवार को लोगों को जागरूक करते हुए कहा की कांग्रेस में मोदी जी के खिलाफ कोई चेहरा नहीं बचा, कांग्रेस में हिम्मत नहीं है कि अपने प्रधानमंत्री पद के दावेदार का नाम बता सके । भाजपा के पास 2 बार की पूर्ण बहुमत की सरकार है, मोदी जी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व है और मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस हताश है।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता ने तय कर लिया है भाजपा को भारी बहुमत से जिताना है, जिससे विपक्षी पार्टी के लोग बौखलाए हुए हैं । इनको अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है इसलिए झूठ और फरेब का एजेंडा आगे कर जनता को भर्मित करने का कार्य कर रहे हैं । देश की जनता मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए गठबंघन को 400 सीट और फरीदाबाद से भाजपा को 10 लाख पार लेकर जाएगी । मुझे फरीदाबाद की 36 बिरादरी पर पूरा भरोसा है की 4 जून को फरीदाबाद सहित पुरे प्रदेश में फिर से कमल खिलेगा ।

# किसान-मजदूर की एकता भाजपा को सिखाएगी सबक और इंडिया गठबंधन को जिताएंगी : सीटू



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** मजदूर संगठन सीटू भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मजदूर किसान की एकता बीजेपी को सबक सिखाएगी व इंडिया गठबंधन को जिताने का काम करेगी। उक्त बात सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान ने बुधवार को सीटू कार्यलय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान निरंतर पराशर ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 साल से किसान मजदूरों पर जो दमन चक्र चलाया है, इसे भुलाया नहीं जा सकता। मजदूरों, ठेका कर्मचारियों, स्कीम वर्कर्स के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। पूंजीपतियों के हितों के लिए मजदूरों के पक्ष में बने कानूनों को ही खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दस साल में जो खड्डे भाजपा ने खुदवाएं हैं। उनको भरने का समय आ गया है। उन्होंने कहा की अडानी -अंबानी जैसे कारपोरेटों का एक छत्र साम्राज्य स्थापित करने के मनसूबों वाली भाजपा सरकार किसान मजदूर और आम जनता को बर्बादी के कगार पर ले आई है। पढे लिखे लाखों बेरोजगार आज दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ाने वाली विनाशकारी नीतियों के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाने के लिए देश में लोकतंत्र का गला घोट कर तानाशाही की ओर ले जाया जा रहा है। इसलिए सीटू और मजदूर संगठन लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगी। आम सभा को जिला प्रधान निरंतर पाराशर,सचिव वीरेंद्र डंगवाल व कोषाध्यक्ष सुधा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी झूठ के अलावा कुछ नहीं है। फसलों की न्यूनतम समर्थन की गारंटी नहीं दे रहे। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन की गारंटी नहीं दे रहे, लेबर कोड लागू करके उन्हें फिर से बंधुआ मजदूर बनाया जा रहा है, कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली व नौकरी पक्का करने जैसी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इनके लिए कोई गारंटी नहीं दे रहा कारपोरेट घरानों के 25 लाख करोड़ रुपए माफ करने वाली सरकार मजदूर किसानों को कर्ज़ा मुक्त नहीं करना चाहती । इसलिए भाजपा को हराएंगे। सभा को यूनियन नेताओं, देविन्द्री शर्मा, हेमलता, कमलेश, मालवती, कमलेश, गीता, भोपाल सिंह, लाला राम, रवि गुलिया, लेखराज, आदि ने भी संबोधित किया।

# कांग्रेस सरकार बनने पर फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र का किया जाएगा समुचित विकास : महेन्द्र प्रताप सिंह

## कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी ने किया एक दर्जन चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधररी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत एक दर्जनों से अधिक चुनावरी सभाओं को संबोधित कर लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक कॉलोनी, सेक्टर-15, सेक्टर-19, एनआईटी ब्लॉक-एक पार्क, कल्याणपुरी, निकट डीएवी पबलिक स्कूल में चुनावी सभाओं को संबोधित किया जहां-जगह-जगह लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा के साथ एक रोड शो भी किया तथा निर्वतमान पार्षद महेन्द्र सरंपच के सहयोग से सरपंच चौक पर एक विशाल जनसभा का आयोजन भी किया गया। रोड शो नैन चौक के समस्त दुकानदारों और वहां के निवासियों ने कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप का जेसीबी के द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और वहां भी एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। समस्त दुकानदारों और वहां के निवासियों ने अपना वोट कांग्रेस को देने की बात कहीं।

जनसभा को संबोधित करते हुए कहा लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव से बीजेपी प्रत्याशी निराश व हताश हैं। क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह जान चुकी है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। बीजेपी के 400 पार के नारे पर उन्होंने कहा कि इस तरह के नारों से जनता को यह भ्रमित कर रहे है। इसी तरह से हरियाणा में एक 75 पार का नारा फेल हो गया था और 40 सीट आई। अब जनता इनके 400 पार के नारे को फेल करने का पूरा मन बना चुकी है।

एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद नंबर-1 पर था। परन्तु भाजपा के कार्यकाल में फरीदाबाद फकीराबाद बनकर रह गया है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध न होने के कारण बेरोजगारी बढ गई है। शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद सहित हरियाणा की सभी दस सीटों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की एतिहासिक विजय होगी क्योंकि हरियाणा के लोग आज फिर से भूपेन्द्र सिंह हुडडा सरकार के राज को याद कर रहे है। फरीदाबाद में जितनी भी विकास योजनाएं दिख रही है वह सब हुडडा साहब की ही देन है।

इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ उपमहपौर मुकेश शर्मा, निर्वतमान पार्षद महेन्द्र सरंपच, निर्वतमान पार्षद संदीप भारद्धाज, ऋषि चौधरी, निर्वतमान पार्षद दीपक चौधरी, सुमित गौड, त्रिलोक चंद तंवर, एहसान कुरेशी, राहुल चौधरी, हरिन्द्र भडाना, राममेहर चौधरी, एमपी भडाना, सुभाष शर्मा, भूरी नैन, भंवर सिंह, रधुवर सरंपच पाली, दिनेश पंडित, हीरा लाल पंसारी, ब्रिजलाल यादव, डा एसपी सिंह, दमोदर शर्मा, विनोद पंडित, पुष्कर बिष्ठ एंव गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

# सीएम फ्लाइंग टीम ने तहसील फरुखनगर मे मारा छापा, पटवारियों के कार्यालयों पर लटके मिले ताले




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरुखनगर।** मुख्यमंत्री उडन दस्ते ने डयूटी मजीस्टेट महेंद्र सिंह यादव नायब तहसीलदार मानेसर के नेतृत्व में तहसील फर्रुखनगर में बुधवार सांय करीब चार बजे अचानक रेड डाली । रेड के दौरान तहसील में पटवारियों के अधिकांश कार्यालयों पर ताले लटके हुए मिले। हैरत की बात तो यह है कि उडन दस्ते की आने की भनक तहसील परिसर में पहले ही लग गई थी। रेड के दौरान अपनी टीम के साथ दौरा करके लौटे नायब तहसीलदार दिनेश आहुजा व दो तीन पटवारी मौके पर पहुंचे और उडन दस्ते की टीम ने उनसे पुछताछ की। सुत्रों की माने तो उडन दस्ते की टीम के हाथों कुछ विशेष नहीं लगा और मौका रिर्पोट तैयार करके रवाना हो गई। ड्युटी मजिस्टेट महेंद्र सिंह यादव नायब तहसीलदार मानेसर, इंस्पैक्टर सुरेश चंद, एसआई सतबीर सिंह, एएसआई अशोक कुमार आदि की माने तो यह उनकी रूटिन की चैकिंग है। जो कर्मचारी तहसील कार्यालय से डयूटी से नदारद है उनकी जांच की जा रही है कि कहीं उनकी ड्यूटी लोकसभा चुनाव में तो नहीं लग रही है। पूरी तहकीकात के उपरांत ही गैरहाजिर मिले कर्मचारियों के खिलाफ उच्च अधिकारियों को विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह चैकिंग समय समय पर जारी रहेगी। ताकि कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति लापवाही ना बरते। उडन दस्ते की टीम के हाथ कोई रिकार्ड नहीं लगा जिससे उनके अंदर कोई खामियां तलाश की जा सके। बतां दे कि सीएम फलाईंग के आने की भनक लगते ही पटवारियों के सहायक अपने अपने कार्योलयों के ताला लगा कर चले गए ।

# इंडियन प्रीमियर लीग के टॉप–5 में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2024) में लीग स्टेज के 56 मैच खत्म हो चुके हैं। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया। इस नतीजे से दिल्ली ने अपने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखा। दूसरी ओर राजस्थान के प्लेऑफ में पहुंचने का इंतजार बढ़ गया है। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 221 रन बनाए। राजस्थान रॉयल्स 8 विकेट के नुकसान पर 201 रन ही बना सकी। राजस्थान को 11 मैचों में तीसरी ही हार मिली, टीम 8 जीत के बाद 16 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। उन्हें अब भी प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक जीत चाहिए। दिल्ली के 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार से 12 पॉइंट्स हो गए, टीम पांचवें नंबर पर पहुंच गई। उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने ही होंगे, साथ ही अपना रन रेट टॉप–4 टीमों से बेहतर भी रखना होगा। 17वें सीजन में आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच हैदराबाद में शाम 7:30 बजे से मैच खेला जाएगा। हैदराबाद के 11 मैचों में 6 जीत और 5 हार से 12 पॉइंट्स हैं, लखनऊ से बेहतर रन रेट के कारण टीम चौथे नंबर पर है। लखनऊ को हराकर टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। लखनऊ से हारने पर स्क्रा। पांचवें नंबर पर खिसक जाएगी। इसके बाद उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी 2 मुकाबले जीतने के साथ दूसरी टीमों पर भी निर्भर रहना होगा।

**लखनऊ के लिए भी करो या मरो की स्थिति**

लखनऊ सुपरजायंट्स के भी 11 मैचों में 6 जीत और 5 हार से 12 पॉइंट्स हैं, कमजोर रन रेट के कारण टीम 5वें नंबर पर है। हैदराबाद को हराकर टीम 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। हारने पर टीम पांचवें नंबर पर ही रहेगी, यहां से उन्हें क्वालिफाई करने के लिए आखिरी दोनों मैच जीतने के साथ बाकी नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

**टॉप स्कोरर्स में तीसरे नंबर पर पहुंचे सैमसन**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने दिल्ली के खिलाफ 86 रन की पारी खेली। इस पारी के साथ वह टॉप रन स्कोरर्स में तीसरे नंबर पर पहुंच गए, उनके 11 मैचों में 471 रन हो गए। RCB के विराट कोहली 542 रन बनाकर टॉप पर हैं। राजस्थान के रियान पराग ने दिल्ली के खिलाफ 3 सिक्स लगाकर 27 रन बनाए। इसी के साथ वह टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर्स लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए, उनके कुल 28 सिक्स हो गए। KKR के सुनील नरेन 32 छक्के लगाकर पहले नंबर पर हैं। CSK के ऋतुराज गायकवाड ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 57 चौके लगाए हैं। SRH के ट्रैविस हेड 53 चौके लगाकर दूसरे नंबर पर हैं।

# पिच इंजर्ड हुए फ्रेजर-मैगर्क

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2024) में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हरा दिया। मैच में संजू सैमसन लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर कैच हुए, इस दौरान फील्डर का पैर बाउंड्री के करीब था। सैमसन ने यहां आउट दिए जाने पर अंपायर से बहस की। दिल्ली के जैक फ्रेजर-मैगर्क पहले ही ओवर में इंजर्ड हो गए। वहीं टीम के शाई होप नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रनआउट हुए। RR के जोस बटलर को जीवनदान भी मिला।

**पहले ओवर में इंजर्ड हुए फ्रेजर मैगर्क**

दिल्ली के जैक फ्रेजर-मैगर्क मैच के पहले ही ओवर में इंजर्ड हो गए। ओवर की चौथी बॉल ट्रेंट बोल्ट ने गुड लेंथ पर इनस्विंगर फेंकी। मैगर्क ने शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन बॉल उनके एब्डोमिनल एरिया में जा लगी। मैगर्क जमीन पर गिर गए और उन्हें देखने के लिए फिजियो टीम मैदान पर आई। इंजरी के कारण मैच कुछ देर रुका रहा, मैगर्क को फिर ठीक महसूस हुआ और उन्होंने अगली बॉल पर चौका लगाया।



**आवेश के ओवर में आईं 6 बाउंड्री**

आवेश खान ने पावरप्ले के चौथे ओवर में पहली बार गेंदबाजी की। हालांकि उनकी शुरुआत ठीक नहीं रही, फ्रेजर-मैगर्क ने उनके ओवर में 6 बाउंड्री लगाकर 28 रन बटोर लिए। मैगर्क ने चौथी और छठी बॉल पर सिक्स लगाए, वहीं बाकी गेंदों पर चौके लगाए। मैगर्क ने इसी ओवर की आखिरगेंद पर सिक्स लगाकर फिफ्टी भी पूरी की। इसके लिए उन्होंने महज 19 ही गेंदें लीं।

**नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रनआउट हुए शाई होप**

दिल्ली के शाई होप नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रनआउट हो गए। छठे ओवर की पहली बॉल संदीप शर्मा ने शॉर्ट पिच बॉल फेंकी, अभिषेक पोरेल ने पुल शॉट खेला लेकिन बॉल सामने की दिशा में चली गई। यहां संदीप शर्मा ने बॉल को हाथ लगाया और गेंद स्टंप्स को जा लगी। स्टंप्स से बॉल टकराने के दौरान होप नॉन-स्ट्राइकर एंड पर बाहर खड़े थे, इसलिए उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। होप एक ही रन बना सके।

# बांग्लादेश ने की अपनी क्रिकेट टीम की घोषणा



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 करीब है। इसके लिए जहां एक ओर वेस्टइंडीज और अमेरिका में स्टेडियम रेडी हो रहे हैं, वहीं आईसीसी की भी अपनी तैयारी जारी है। इस बीच टीमें भी अलग अलग सीरीज खेल कर अपनी तैयारी को और भी पुख्ता कर रही हैं। टी20 विश्व कप के लिए अभी तक ज्यादातार टीमों ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है, लेकिन जिन टीमों की घोषणा नहीं हुई है, उसमें बांग्लादेश भी शामिल है। इस बीच अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से जिम्बाब्वे के खिलाफ जारी सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया है। आईपीएल से ब्रेक लेकर वापस लौटे मुस्तफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन की टीम में वापसी हो गई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी दो मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। शाकिब अल हसन ने लगभग एक साल के अंतराल के बाद वापसी की है। इससे पहले वे घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए टीम का हिस्सा थे। हालांकि कप्तानी नजमुल हुसैन शान्तो के ही हाथ में रहेगी। शाकिब अल हसन को भारत में आईसीसी वनडे विश्व कप के दौरान आंखों में कुछ दिक्कत हुई थी। इसके बाद उन्हें ठीक होने की सलाह दी गई थी। इसके बाद वे न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब वापसी कर रहे हैं। बताया जाता है कि शाकिब ने खुद ही जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती तीन टी20 मैचों में शामिल न होने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

इंडियन प्रीमियर लीग से वापसी के बाद मुस्तफिजुर रहमान को सीरीज के शुरुआती तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था, वे भी अब टीम में शामिल कर लिए गए हैं और अगले मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। सौम्य सरकार की भी वापसी हुई है, जो घुटने की चोट से अब उबर चुके हैं। बांग्लादेश ने शोरफुल इस्लाम को ब्रेक देने का फैसला किया, जबकि अफीफ हुसैन और परवेज हुसैन जगह बनाने में असफल रहे हैं। टीम चयन के बाद सेलेक्टर अब्दुर रज्जाक ने कहा कि हमने शोरफुल को आराम दिया है। टीम प्रबंधन और शोरफुल दोनों को लगा कि उसे अपने परिवार के साथ समय बिताने की जरूरत है। हम चाहते हैं कि वह खुद को तरोताजा कर वापस आएं, क्योंकि वह लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं।

**बांग्लादेश की टीम:** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), लिटन कुमार दास, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, जेकर अली अनिक, शक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, सौम्य सरकार, तनवीर इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

# एलएसजी को नहीं हरा सकी एसआरएच



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में आज सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7:00 बजे होगा। दोनों टीमें इस सीजन पहली बार आमने-सामने होंगी। SRH और LSG दोनों का सीजन में आज 12वां मैच रहेगा। दोनों टीमों को 11 में से 6 मैच में जीत और 5 में हार मिली। बेहतर रन रेट के कारण हैदराबाद चौथे और लखनऊ पांचवें नंबर पर है। आज का मैच जीतने वाली टीम के क्वालिफाई करने के चांस बढ़ जाएंगे।

**लखनऊ ने हैदराबाद के खिलाफ 100% मुकाबले जीते**

हैदराबाद IPL में अब तक लखनऊ को नहीं हरा सकी है। हैदराबाद और लखनऊ के बीच लीग में अब तक 3 मुकाबले खेले गए। सभी लखनऊ ने जीते। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में एक मैच खेला गया। इसे लखनऊ ने 7 विकेट से जीता था।

**ट्रैविस हेड के नाम SRH से सबसे ज्यादा रन**

हैदराबाद के बल्लेबाज इस सीजन अच्छे फॉर्म में हैं। तीन बल्लेबाजों ने तो 300 से ज्यादा रन बनाए हैं। इनमें ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासन और अभिषेक शर्मा शामिल हैं। हेड 444 रन के साथ टीम के टॉप स्कोरर हैं। गेंदबाजों में टी नटराजन और कप्तान पैट कमिंस अच्छा कर रहे हैं। नटराजन 15 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।

**राहुल लखनऊ के टॉप स्कोरर**

लखनऊ में भी कप्तान केएल राहुल के अलावा मार्कस स्टोयनिस और निकोलस पूरन भी शानदार बैटिंग कर रहे हैं। तीनों के नाम 300 से ज्यादा रन है। राहुल ने 11 मैचों में 431 रन बनाए हैं, वह टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बॉलिंग में यश ठाकुर टॉप पर हैं। उन्होंने 11 विकेट झटके हैं।

# एक ही दिन में की 12 करोड़ की नगदी बरामदः उपायुक्त

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नगदी बरामदगी के मामले में फरीदाबाद उपायुक्त की मुक्त कंठ से की प्रशंसा**

**नकदी बरामद करने के मामले में फरीदाबाद अव्वल**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन, उपायुक्त ने दिया निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत फरीदाबाद में एक ही दिन में 12 करोड़ रुपये की नगदी जब्त किये जाने के मामले में हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम सिंह की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इसके लिए उपायुक्त विक्रम सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अवैध नगदी तथा अवैध शराब पर पूर्ण लगाम जारी रखी जाएगी। बुधवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों आदि प्रबंधों की प्रदेश स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नगदी बरामदगी के मामले में इस दौरान फरीदाबाद प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों को जारी रखें। साथ ही उन्होंने अन्य जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। इस दौरान उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिला स्तर पर विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर वोटरों से संकल्प पत्र लें कि वे 25 मई को अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। साथ ही वे अपने मित्र-संबंधियों से भी मतदान करवायेंगे। सी-विजिल पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवायें।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केंद्र में मोबाइल फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं है। साथ ही मतदाता किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घड़ी, स्पाई पेन भी लेकर नहीं जा सकता। मतदाता केवल अपने पहचान पत्र लेकर जा सकता है। साथ ही उन्होंने विभिन्न सुविधाओं के लिए जारी किये गये लिंक की भी जानकारी दी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा आंतिल, एसडीएफ बल्लबभगढ़ त्रिलोकचंद, एसडीएम बड़खल अमित मान आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# निर्धारित स्थान पर होंगी राजनैतिक दलों द्वारा की जाने वाली जनसभा एंव रैली : जिलाधीश

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना के लिए लोकसभा आम चुनाव 2024 में राजनैतिक दलों द्वारा की जाने वाली रैली और जनसभाओं के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार केवल निर्धारित स्थानों पर ही रैली और जनसभा कर सकते हैं। वहीं प्रचार से संबंधित होर्डिंग, बेनर, पोस्टर व अन्य चुनाव प्रचार प्रसार सामग्री भी निर्धारित जगह पर ही लगाए जा सकती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। इसलिए सभी राजनीतिक दल व चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स और बैनर लगाने के लिए चिह्नित जगह का ही उपयोग करें।

**यह व्यवस्था की गई है: जिलाधीश**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि अनुमति के लिए अलग से एकल खिड़की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों/चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को रैली, जनसभा, लाउडस्पीकर और वाहन की अनुमति के लिए जिला स्तर और एआरओ स्तर पर एकल खिड़की व्यवस्था लागू की गई है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार इनके लिए सभी को अनुमति लेना जरूरी है। अगर कोई भी उम्मीदवार बिना अनुमति के चुनाव प्रचार करता पकड़ा गया तो आईपीसी की धारा 171 एच के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**85 पृथला विधानसभा के प्रचार के लिए चयनित स्थान इस प्रकार है :**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि 85 पृथला में होर्डिंग, पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री व रैली जनसभा के लिए चंदावली – स्वागत गेट के पास, दयालपुर – पंचायत घर के पास, छायंसा बस स्टैंड के सामने, मोहना बस स्टैंड के सामने व अनाज मंडी में, सीकरी प्याला चौक के सामने, सिकरौना बस स्टैंड फ़रिज़पुर क्लान मोड, करनेरा बस स्टैंड गवर्नमेंट स्कूल के सामने ,फतेहपुर बिल्लौच बस स्टैंड व अनाज मंडी, पृथला दुधौला चौराहे के पास, दुधौला कलवाका रोड बारात घर के सामने, बघोला हाई स्कूल के सामने, अलावलपुर बस स्टेंड, ग्राम सचिवालय के सामने, अगवान पुर स्कूल के सामने, डाडोता पीडब्ल्यूडी रोड फिरनी चौराहे पर, और अमरपुर वाटर सप्लाई टंकी के पास, जनौली, गर्ल्स स्कूल चौराहे पर स्थान निर्धारित किए गए हैं।




**86 फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के लिए यह स्थान निर्धारित:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में डबुआ कॉलोनी नजदीकी सब्जी मंडी, गौछी चौक पुलिस चौकी के सामने, धौज गांव चौक, पाली गांव चौक, सेक्टर 52 नजदीकी जवाहर कॉलोनी डिस्पोजल के पास स्थान निर्धारित किए गए हैं। वहीं पोस्टर बैनर व अन्य चुनाव प्रचार सामग्री के लिए सैक्टर 55 टी प्वाइंट, पाली सोहना रोड, झाड़सेंतली नजदीकी जेसीबी फैक्ट्री धौज गांव चौक, नंगला गुजरान चौक, डबुआ पाली रोड नजदीकी चुंगी संख्या नंबर 17 गौछी चौक पर स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**87 बड़खल विधान सभा में राजनैतिक दलों द्वारा की जाने वाली रैली जनसभा के लिए यह है निर्धारित स्थान:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि बड़खल विधान सभा क्षेत्र में दशहरा ग्राउंड एनआईटी, सूरजकुंड, पर्यटन विभाग की खाली पड़ी जमीन पर, चिमनी बाई धर्मशाला के आगे और आउटर रोड एन एच- 3 के साथ, एफ सी आई गोदाम रोड एन एच -2 पश्चिम साइड पर, शहिद भगत सिंह चौक एन एच- 5 से गांधी कालोनी के एन एच-4 के बाउंड्री वॉल की खाली जगह पर, एस जी एम नगर के स्वर्ग आश्रम के सामने दीवार के साथ खाली जगह पर और सूरजकुंड रोड पर लक्कड़पुर की तरफ जाने वाली रोड के सामने ग्रीन बेल्ट पर स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**88 बल्लभगढ़ विधानसभा के लिए जनसभा और प्रचार के लिए निर्धारित स्थान:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मोहना रोड ऊंचा गांव के पास, सिटी पार्क बल्लभगढ़, नहर सिंह पार्क के सामने सेक्टर- 3 की ग्रीन बेल्ट पर, तिगांव रोड पंडित पैलेस के सामने एमसीएफ ग्रीन बेल्ट पर, एस्कॉर्ट रेलवे फैक्ट्री के साथ प्लॉट जो 112 से 114 ग्रीन बेल्ट पर नजदीकी मुजेसर फाटक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर- 22, 23 के बीच रोड के खाली स्थान पर और सेक्टर 25 जल घर के पास स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**89-फरीदाबाद विधान सभा छेत्र में होर्डिंग बैनर के लिए स्थान:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में दशहरा मैदान सेक्टर 16 ए, बी पी टी पी फ्लाईओवर बाईपास रोड, खेड़ी पुल बाईपास रोड, सेक्टर- 8 नहर के पास बायपास रोड, ओल्ड फरीदाबाद की पुरानी सब्जी मंडी, सेक्टर-12 सेंट्रल पुलिस थाना के पास, सर्वोदय हॉसपिटल के पास मैदान, सेक्टर -20 बी हनुमान मंदिर के पास, फायर ब्रिगेड स्टेशन और हुडा सेक्टर-7, 8, 9, 10, 11, 14, 15, 15ए,16, 16 ए, 17, 19 की मार्केट के सामने स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**89-फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में रैली के लिए स्थान:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि दशहरा मैदान सेक्टर 16 ए, सेंट्रल पुलिस थाना के साथ मैदान सेक्टर-12, टाउन पार्क के पश्चिम में मैदान सेक्टर 12, टाउन पार्क के उत्तर में मैदान सेक्टर 12 रैली और जनसभाओं के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं।

**90-तिगांव विधान सभा छेत्र पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री का स्थान:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में बाहरी बाईपास रोड, सेक्टर-35 व 37 मोड के पास हुड्डा भूमि का खाली मैदान, नगर निगम के ट्यूबवेल के साथ तथा एनटीपीआई कार्यालय के सामने नहर के साथ वाली भूमि पर, बाहरी बाई पास रोड नहर के साथ खाली भूमि पर सेक्टर-31 मोड के सामने, गांव तिगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पश्चिम दिशा में राजकीय महाविद्यालय खेल परिसर की चारदीवारी के अन्दर, गांव रायपुर कलां मैन रोड पर, नहर की पुलिया के दोनो तरफ पंचायत जोहड़ वाली खाली भूमि पर, गांव मंझावली मेन रोड पर पटवार घर के साथ वाली खाली भूमि पर, गांव जसाना मेन रोड पर पशु अस्पताल तथा आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के बीच वाली खाली भूमि पर, गांव नचौली मेन रोड पर पबलिक हेल्थ के ट्यूबवेल के साथ बारात घर की चारदीवारी के अन्दर, गांव नई भूपानी में पबलिक हैल्थ के ट्युबवैल के सामुदायिक भवन के बीच वाली खाली भूमि पर, गांव खेड़ीकलां में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मैदान में चारदीवारी के अन्दर स्थान निर्धारित किए गए हैं। वहीं तिगांव विधान सभा चुनाव जनसभा / रैली के लिए गांव एत्मादपुर के सामने सेक्टर-30 मोड़, नगर निगम के ट्यूबवेल के पीछे वाला मैदान, गांव इस्माइलपुर में रा० प्रा० स्कूल के पास का मैदान में स्थान निर्धारित किए गए हैं।

# उम्मीदवारों के 25 नामांकन पत्र सही मिलने पर हुए मंजूर : जिला निर्वाचन अधिकारी

## तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र हुए रद्द




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले 25 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को स्क्रूटनिगं के दौरान तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करते हुए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद लोक सभा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। जो की 06 मई सोमवार तक जारी रही।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जो राज्य एवं राष्ट्रीय दल के राजनैतिक दलों नामांकन पत्र सही मिले हैं। वह इस प्रकार है:

बहुजन समाज पार्टी से किशन ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी से कृष्णपाल, जननायक जनता पार्टी से नलिन हुड्डा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से महेंद्र प्रताप और इंडियन नेशनल लोक दल से सुनील तेवतिया के नामांकन पत्र सही मिले हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया जो नामांकन रद्द हुए हैं। उनमें जननायक जनता पार्टी से श्रीमती तान्या हुडा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से विजय प्रताप और बहुजन समाज पार्टी से विकास का नामांकन रद्द हुआ है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही मिले हैं।

उनमें पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल इस प्रकार है। इनमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से बृजबाला, राष्ट्र निर्माण पार्टी से भारत भूषण, राष्ट्रीय विकास पार्टी से महेश प्रताप शर्मा, अखिल भारतीय किसान मजदुर पार्टी से रणधीर सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी से लेखराम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी श्याम सुंदर, लोकतंत्रतिक जनशक्ति पार्टी से शकीला हुसैन, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी से शिव नारायण दुबे, जन शक्ति दल से स्वतंत्र सिंह, बुलंद भारत पार्टी से सत्य देव यादव, आरक्षण विरोधी पार्टी से सुमित कुमार, आदिम भारतीय दल से हरि शंकर राजवंश, सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी से ज्ञान चंद के नामांकन पत्र सही मिले हैं। इसी प्रकार निर्दलीय प्रतियाशियों में अतुल, गिर्राज, नीरज, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सुनील कुमार और सुरेंद्र कुमार सैनी का नामांकन पत्र सही पाए जाने पर मंजूर हुआ है।

# चुनाव संबंधित विज्ञापनों को लेकर ईसीआई के नियमों का पालन करें उम्मीदवार : विक्रम सिंह

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एमसीएमसी के चैयरमेन विक्रम सिंह ने कहा कि लघु सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है।



जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पेड न्यूज की निगरानी व राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व राजनीतिक उद्देश्य को लेकर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मोनिटरिंग कमेटी का जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गठन किया है। वहीं फरीदाबाद की जिला स्तरीय कमेटी द्वारा प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में उम्मीदवारों द्वारा प्रकाशित व प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में मतदान के दिन व एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापन इस कमेटी द्वारा प्रमाणित होने चाहिए। कोई भी उम्मीदवार या उनका प्रतिनिधि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्मेट में विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन कर सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापनों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के साथ ही उम्मीदवार प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मिडिया, एफएम, कम्युनिटी रेडियों व सिनेमा स्क्रीन आदि पर जो भी अपना विज्ञापन जारी करेगा वह इस कमेटी द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर रखी है। साथ ही पेड न्यूज के संदर्भ में आने वाली शिकायतों का यही कमेटी निपटारा करेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लघु सचिवालय के प्रथम तल पर सी विजिल-टोल फ्री नंबर 1950 की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम बनाया गया है।

एमसीएमसी के सदस्य सचिव एवं डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने डीसी को जानकारी देते हुए बताया कि एमसीएमसी कंट्रोल रूम के माध्यम से इलैक्ट्रॉनिक, सोशल मिडिया व प्रिंट मीडिया में आने वाली खबरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही जिला में अब तक किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए कोई भी आवेदन नहीं किया गया है।

# अल्पमत में हरियाणा की बीजेपी सरकार, आफताब अहमद ने की राष्ट्रपति शासन की मांग

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के सियासी गलियारों में तीन निर्दलीय विधायकों के बीजेपी सरकार से अलग होने के बाद घमासान तेज हो गया है। कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने जिला कॉंग्रेस मुख्यालय नूंह पर प्रेस वार्ता कर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा कर तुरंत चुनाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह तीनों निर्दलीय विधायकों ने लिखकर राज्यपाल को दिया है वैसे ही जजपा के दुष्यंत चौटाला और इनेलो के अभय चौटाला को लिख कर राज्यपाल को देना चाहिए कि वो बीजेपी के साथ नहीं है। कॉंग्रेस के 30, जजपा के 10, 3 निर्दलियों व इनेलो के एक विधायक और निर्दलीय बलराज कुंडू को मिलाकर 45 विधायक बनते हैं जिससे साफ़ है कि सरकार अल्पमत में है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश का विश्वास तो मनोहर लाल और दुष्यंत सरकार पहले ही खो चुकी थी और अब नायब सैनी की बीजेपी सरकार विधायकों का भी विश्वास खो चुकी है और अल्पमत में आ गई है। इस सरकार को एक दिन भी सत्ता में बने रहने का नैतिक औचित्य नहीं है।



बता दें कि तीन निर्दलीय विधायकों में अपना समर्थन नायब सैनी सरकार से वापस ले लिया है। उनमें चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान ,नीलोखेड़ी से विधायक धर्मपाल गोंदर और पुंडरी से विधायक रणधीर गोलन शामिल हैं। तीनों विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कॉंग्रेस में आस्था जताई है। दरअसल बीजेपी सरकार के पास जननायक जनता पार्टी से नाता तोड़ने के बाद और अलग होने के बाद 48 विधायकों का समर्थन प्राप्त था। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और रणजीत चौटाला पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं, इसके बाद यह आंकड़ा बीजेपी के पास 46 का रह गया था। तीन निर्दलीय विधायकों के बाद सरकार के पास इस वक्त 43 विधायकों का समर्थन रह गया है जिस कारण सरकार अल्पमत में आ गई है। ऐसे में अगर भविष्य में विधानसभा में विश्वास मत लाया जाता है तब सरकार के लिए मुसीबत की घड़ी खड़ी हो सकती है। इस दौरान कॉंग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद के साथ पूर्व विधायक शहीदा खान, पीसीसी सदस्य महताब अहमद आदि मौजूद थे।







